हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 12 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 09.4 डिग्री



13 सफाई को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सीएमओ वर्मा



13 भाजपा के नए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का कुम्हारी में स्वागत






दुर्ग रेलवे स्टेशन यार्ड में खड़ी थी ट्रेन

## ट्रेन के एसी कोच में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रेलवे स्टेशन दुर्ग के यार्ड में खडी एसी थ्री टायर की कुछ बोगी कईं दिनों से खड़ी रखी गई थी। जहां गुड्स यार्ड में खड़ी खाली एसी स्पेयर कोच में शनिवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गई। कोच से धुंआ निकलता देख आरपीएफ और जीआरपी तुरंत मौके पर पहुंचे। जिला अग्निशमन और आपात कालीन सेवाएं विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब जाकर रेलवे के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग रेलवे स्टेशन यार्ड में एसी थ्री टायर की कुछ बोगी कईं दिनों से यहां रखा गया था। किसी ट्रेन में जरूरत पड़ने पर इन बोगियों का उपयोग किया जाता है। शनिवार सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच रेलवे के कुछ कर्मचारियों ने बोगी के अंदर से तेज धुंआ निकलता देखा। पास जाकर देखने पर एसी कोच के भीतर से आग की लपटें नजर आई। रेलवे कर्मियों ने तुरंत रेलवे प्रबंधन को आग लगने की खबर दी। रेलवे का राहत बचाव दल भी पहुंचा था। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं जिला दुर्ग की दो फायर ब्रिगेड की वाहने बुलाई गईं। इसके बाद पानी व फोम की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिस जगह पर स्पेयर कोच खड़ा था वह क्षेत्र मोहन नगर थाने का है। जानकारी होते ही मोहन नगर पुलिस भी पहुंच गई। फिलहाल आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। आग लगने का पता लगाने पर मोहन नगर पुलिस आसपास के युवकों से से पूछताछ रही है।

आरोपी गौ-तस्करी में जा चुका है जेल

## पुलिस से अभद्रता, शासकीय कार्य में पहुंचाई बाधा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



▪ उतई थाना क्षेत्र के मड़ई कार्यक्रम में हुआ विवाद

पुलिस के साथ अभद्रता व शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 121(1), 132, 221, 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना ग्राम उतई में मेला मड़ई कार्यक्रम में किया था। एसडीओपी हरिश पाटिल ने बताया कि शुक्रवार को मड़ई कार्यक्रम दशहरा मैदान बैला पसरा बाजार चौक उतई में आयोजित था। जहां छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चल रहा था। उतई से पुलिस बल की ड्यूटी लगी हुई थी। रात में कार्यक्रम खत्म होने के बाद सुबह उतई निवासी आदर्श नगर उतई निवासी छन्नु गिरी गोस्वामी, वार्ड 7 उतई अमन देशलहरे सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच में चढ़कर कार्यक्रम को चालू कर डांस की बात को लेकर उपद्रव मचा रहे थे। तभी उतई पुलिस कर्मी आरक्षक दिलीप सिदार ने दोनों को काफी समझाया लेकिन दोनों आरोपी उपद्रवियों ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस के साथ ही अभद्र व्यवहार करने लगे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। वहीं आरोपी छन्नू गिरी गोस्वामी पूर्व में थाना उतई में चोरी, पशु तस्करी, थाना पाटन में पशु तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर वर्तमान में जमानत पर था। पुलिस ने जिसकी जमानत निरस्त करने प्रतिवेदन न्यायालय भेजा जाता है। कार्रवाई में थाना उतई प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का अहम योगदान रहा है।

नाबालिग को भगाकर लेकर गया था युवक

## अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने मुंगेली से पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नाबालिग को भगाकर ले गया और उसके साथ अनाचार करने वाले युवकों को पुलिस ने मुंगेली से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 363, 366, 376 भादंवि 4, 6 पास्को एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि आरोपी ग्राम बुधवारा बंधापारा लोरमी जिला मुंगेली निवासी सुनील बंजारे ने मुडपार जामुल से नाबालिग को अपने साथ भगाकर ले गया था। पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। परिजनों ने 27 मई 2024 को जामुल पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया था। परिजनों ने नाबालिक बेटी को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाना बताया था। पुलिस ने शिकायत के बाद आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत लापता नाबालिग बालक व बालिकाओं के पता तलाश में जुटी रही। इस दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम मुड़पार की नाबालिग को आरोपी सुनील बंजारे मुंगेली में रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोरमी जिला मुंगेली पहुंचकर घेरबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पीड़िता से पूछताछ करने पर बताया कि आरोपी सुनील बंजारे ने शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा कर ले गया था। जहां उसने उसके साथ अनाचार किया। आरोपी सुनील बंजारे को गिरफ्तार कर 10 जनवरी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई कपिल देव पाण्डेय समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## गाय पर हमला करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



▪ जामुल थाना की घटना

गर्भवती गाय को बेहरमी से मारने व लोगों से गाली गलौज करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि बाम्बे आवास घासीदास नगर जामुल निवासी अमन कुमार दुबे ने 15 दिसंबर को शिकायत किया कि अवधेश उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय उर्फ मोनू, कमलेश उपाध्याय उर्फ सोनू ,प्रमोद उपाध्याय उर्फ छोटू ने गर्भवती गाय की ईंट पत्थर से मारा है। ऐसा करने से युवकों को कई बार रोका लेकिन युवकों ने उल्टा पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। गाय उस समय उसके घर पर बंधी थी। उसको ईंट-पत्थर के हमले से गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस की जांच में मामला सही पाए जाने पर अवधेश उपाध्याय , कमलेश उपाध्याय उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने अपना घटना को करना स्वीकार किया। घटने में दो आरोपी अब भी फरार हैं।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



# Youth icon of Bhilai-Durg नई सोच व नई दिशा दी विवेकानंद ने

## युवा दिवस पर विशेष...



"उनके कथन "उठो, जागो और अपना लक्ष्य प्राप्त करो" यह संदेश युवओं को नया जोश और स्फूर्ति प्रदान करता है।
स्वामी विवेकानंद जी ऐसे युवा चाहते थे जो इस्पात से बने हो अर्थात दृढ़ निश्चयी हो।
स्वामी विवेकानंद जी के एक वाक्य को भी अपने जीवन में कोई उतार ले तो उसका जीवन सफल हो जाएगा।"

**निशांत त्रिपाठी**
Chairman (BG)
SSIPMT Raipur

### युवाओं, उठो, जागो और उद्देश्य प्राप्ति के पहले मत रुको

निशांत सर के अनुसार आज के अधिक युवा कम समय में एवं कम मेहनत में बहुत अधिक पाना चाहते है और जो मेहनत करना चाहते है उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। आज का युवा यदि ठान ले कि उसे भीड़ में नहीं खोना है। अपनी छिपी शक्ति को बाहर निकालना है और इतना उपर उठना है वे दूसरों के लिए आदर्श बन जाए इसके लिये उसे कितना भी मेहनत करना पड़े, क्योंकि कोई भी कार्य असंभव नहीं है। केवल जुनून की जरुरत है। यदि सच्चे मन और ईमानदारी से आगे बढ़ा जाए तो निश्चित है आपके साथ अच्छे लोग जुड़ेंगे। ध्यान रहे की मन में घमंड नहीं लाना और हमेशा जमीन से जुड़े रहना और मानवीयता को हमेशा याद रखना। मैं भी इस शहर में आया था अकेला था पर अब अच्छे लोग जुड़ते गये कारवां बनता गया और मैं सफलता की सीढ़ी चढ़ता गया।

#### युवाओं के लिये संदेश

स्वामी विवेकानन्द के विचार को रखते हुए युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूँ कि तुम्हारे अंदर सिंह के समान शक्ति है अपने को भेड़ों के बीच रखकर भेड़ सा व्यवहार मत करो। तुम सिंह हो और अपनी शक्ति को पहचानों क्योंकि तुम्हीं देश और समाज को बदल सकते हो अपितु नयी और अच्छी विचारधारा का संचार कर देश और समाज को आगे बढ़ाओ।

#### स्वामी जी का विशेष संदेश

सभी देशों की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुये वर्तमान में असहिष्णुता संबंधी बहुत सी बातें हमारे देश में भी चल रही है। इस संबंध स्वामी विवेकानन्द का शिकागों के धर्म सभा का वो भाषण उल्लेखित करना चाहूंगा कि भारत ही एकमात्र एक ऐसा देश-जो सबसे अधिक सहिष्णु है, जहाँ सभी धर्म एक सुन्दर बाग की तरह विभिन्न खिले हुये फूलों की तरह सुसज्जित है और किसी भी फूल के पेड़ को क्षत विक्षित नहीं किया जाता है और माली सबको समान रूप से देखभाल करता है। तो सभी भारतनिवासी से मेरा अनुरोध है कि इस प्रकार के किसी बेकार तथ्यों पर अपना मस्तिष्क विकृत न करें और स्वविकास और उन्नति की ओर ध्यान दें।



### जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भागवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं।

**अतुल पर्वत**
चेयरपर्सन :-
भिलाई केन-डू पर्वत फाउंडेशन

कितनी बार ऐसा होता है कि हम असुविधाओं के चेहरे पर हार मान लेते हैं और अपने लक्ष्य को छोड़ देते हैं? लेकिन स्वामी विवेकानंद मानवता की महानता में विश्वास करते थे और मनुष्य कैसे भी किसी भी बाधा को दूर करने की क्षमता रखते हैं, यदि वे पर्याप्त रूप से लगातार हों। यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं। इसलिए, यदि आप बार-बार असफल होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यदि आप प्रयास करते रहेंगे तो आप एक दिन या दूसरे दिन अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे।

#### युवाओं के लिये संदेश

यदि स्वयं में विश्वास करता और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। उस विचार को अपना जीवन बना लो उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो, और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका हैं।



B.M. COLLEGE
BCA
BBA
PGDCA
B.Ed.
आई.टी.आई.
- इलेक्ट्रिशियन
- कम्प्यूटर (कोपा)
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- फायर टेक्नालॉजी
- डीजल मैकेनिक
- स्टेनो (हिन्दी)
शासकीय आई.टी.आई. के पीछे, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
9907502065, 9691002065, 9303893829, 9300850065
प्लॉट, जमीन, मकान, डायवर्टेड प्लॉट
2/3 BHK, ROW HOUSES
योगेश डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
तमेर पारा, दुर्ग
93038-93829
70007-86116

**योगेश साव**
बी.एम. कॉलेज, पुलगांव, दुर्ग
योगेश डेव्हलपर्स एण्ड बिल्डर्स
योगेश प्रिंटर्स, तमेरपारा, दुर्ग

युवा वे नहीं जो सिर्फ उम्र से युवा होते हैं, बल्कि वे युवा जो अपनी लगन, ऊर्जा व समर्पण से बड़ी उम्र में भी स्फूर्ति से भरे रहते हैं। आज देश भर में युवाओं के प्रेरणास्रोत, युग-पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी जा रही है। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए' का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद कर्मठता के प्रतीक थे। अपने छोटे से जीवनकाल में भी वे इतना कुछ कर गये कि समूचा विश्व उन्हें युवाओं का सबसे बड़ी प्रेरणा मानता है। विवेकानंद ने देश की युवाशक्ति को आत्मविश्वास की प्रेरणा दी थी। सच है, यदि युवाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न हो जाये तो वे समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। वंचित मानवता का कल्याण ही उनकी सेवा का मुख्य लक्ष्य था। उनका यह वचन आज भी काफी अर्थपूर्ण है कि मैं उस देवता की पूजा करता हूं, जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य कहते हैं। पुराणों में वर्णित यह उक्ति उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा थी कि पर पीड़ा से बड़ा पाप नहीं और परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसी विचार को उन्होंने हर जगह प्रचारित किया था। आज के इस दौर में उनके इन विचारों की देश को बड़ी आवश्यकता है।

#### युवाओं के लिये संदेश

व्यक्ति को सीखने के लिए बाहर जाना उचित है वह अपनी सीख को अगर अपने शहर व व्यवसाय के विकास में उपयोग करें तो अपनी मातृभूमि की सेवा कर सकता है। सपने देखों हमेशा पूरा होंगे, जीवन में असल में जो चाह रखते हैं वो पूर्ण होती ही है। जो सोच लिया वह पूरा होना ही है। जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएँ अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग, चाहे अच्छा हो या बुरा भगवान तक जाता है। जिसे हर एक मनुष्य के व्यक्तित्व में स्थापित करना चाहता हूँ।



मनुष्य का अध्ययन करो, मनुष्य ही जीवंत काव्य है। जगत में जितने ईसा या बुद्ध हुए है, सभी हमारी ज्योति से ज्योतिष्मान हैं। इस ज्योति को छोड़ देने पर यह सब हमारे लिए और अधिक जीवित नहीं रह सकेंगे, मर जायेंगे। तुम अपनी आत्मा के ऊपर स्थिर रहो।

**पवन कुमार शर्मा**
डायरेक्टर
माँ शारदा पब्लिक स्कूल

### आज की युवा पीढ़ी को भटकने से रोकना एकमात्र उद्देश्य

*"उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए"*

आज हमारा देश संक्रमण काल से गुजर रहा है। चारों तरफ महंगाई, भाई भतीजावाद, जातिवाद, फैला हुआ है। मेरे युवकों से आह्वान है कि तुम चरित्रवान बनो। संस्कारवान बनो। स्वामी विवेकानंद ने कहा है - हे भावीसुधारक हे भावी देश भक्तों, तुम लोग हृदयवान बनो, प्रेमी बनो, क्या तुम लोग अपने प्राणों में यह अनुभव कररहे हो कि देवताओं एवं ऋषियों की करोड़ो संतान पशु समान हो गई है। क्या देश की दुर्दशा की चिंता तुम्हारे ध्यान का एकमात्र विषय है एवं उस चिंता में डूबकर क्या तुम लोग नाम, यश और स्त्री, पुत्र विषय सम्पत्ति यहां तक की शरीर भी भूल गए हो ?
क्या तुम लोगों की ऐसी अवस्था हुई है यदि हां तो जानना देश भक्ति की पहली सीढ़ी पर अभी तुमने केवल एक कदम रखा है। हे मेरे युवक तुम बलवान बनो, निडर बनो, विश्वास तुम अपने आप पर विश्वास, ईश्वर पर विश्वास यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

#### युवाओं के लिये संदेश

मेरा युवाओं के लिए संदेश है कि तुम बलवान बनो, निडर बनो, तुम अपने आप पर पहले विश्वास करो, ईश्वर पर विश्वास करो यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

#### मेरी भावी नीतियां

आज की युवा पीढ़ी को सही रास्ता दिखना। उन्हें सही दिशा देना और पहले अपने भविष्य के बारे मे सोचना, क्योंकि युवा का भविष्य अच्छा होगा तो परिवार अच्छा होगा जो परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा, समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा।

Admission Open

MA SHARDA PUBLIC SCHOOL
Sector-IX Ph. 0788-2242200
(A English Medium Senior Secondary School) Affiliated to CBSE (A Centre of Excellence)



## महान प्रेरणा स्रोत - स्वामी विवेकानंद

भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को सूर्योदय से 6 मिनट पूर्व 6 बजकर 33 मिनट 33 सेकेन्ड पर हुआ। भुवनेश्वरी देवी के विश्वविजयी पुत्र का स्वागत मंगल शंख बजाकर मंगल ध्वनी से किया गया। ऐसी महान विभूती के जन्म से भारत माता भी गौरवान्वित हुईं।

बालक की आकृति एवं रूप बहुत कुछ उनके सन्यासी पितामह दुर्गादास की तरह था। परिवार के लोगों ने बालक का नाम दुर्गादास रखने की इच्छा प्रकट की, किन्तु माता द्वारा देखे स्वपन के आधार पर बालक का नाम वीरेश्वर रखा गया। हिन्दू मान्यता के अनुसार संतान के दो नाम होते हैं, एक राशी का एवं दूसरा जन साधारण में प्रचलित नाम, तो अन्नप्रासन के शुभ अवसर पर बालक का नाम नरेन्द्र नाथ रखा गया।

नरेन्द्र की बुद्धी बचपन से ही तेज थी। बचपन में नरेन्द्र बहुत नटखट थे। भय, फटकार या धमकी का असर उन पर नहीं होता था। तो माता भुवनेश्वरी देवी ने अदभुत उपाय सोचा, नरेन्द्र का अशिष्ट आचरण जब बढ जाता तो, वो शिव शिव कह कर उनके ऊपर जल डाल देतीं। बालक नरेन्द्र एकदम शान्त हो जाते। इसमे संदेह नही की बालक नरेन्द्र शिव का ही रूप थे।

माँ के मुहँ से रामायण महाभारत के किस्से सुनना नरेन्द्र को बहुत अच्छा लगता था। बाल्यावस्था में नरेन्द्र नाथ को गाडी पर घूमना बहुत पसन्द था। जब कोई पूछता बडे हो कर क्या बनोगे तो मासूमियत से कहते कोचवान बनूँगा।

पाश्चात्य सभ्यता में विश्वास रखने वाले पिता विश्वनाथ दत्त अपने पुत्र को अंग्रेजी शिक्षा देकर पाश्चात्य सभ्यता में रंगना चाहते थे। किन्तु नियती ने तो कुछ खास प्रयोजन हेतु बालक को अवतरित किया था।

ये कहना अतिश्योक्ती न होगा कि भारतीय संस्कृती को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वो हैं स्वामी विवेकानंद। व्यायाम, कुश्ती, क्रिकेट आदी में नरेन्द्र की विशेष रूची थी। कभी कभी मित्रों के साथ हास, परिहास में भी भाग लेते। जनरल असेम्बली कॉलेज के अध्यक्ष विलयम हेस्टी का कहना था कि नरेन्द्रनाथ दर्शन शास्त्र के अति उत्तम छात्र हैं। जर्मनी और इग्लैण्ड के सारे विश्वविद्यालयों में नरेन्द्रनाथ जैसा मेधावी छात्र नहीं है।

नरेन्द्र के चरित्र में जो भी महान है, वो उनकी सुशिक्षित एवं विचारशील माता की शिक्षा का ही परिणाम है। बचपन से ही परमात्मा को पाने की चाह थी। डेकार्ट का अंहवाद, डार्विन का विकासवाद, स्पेंसर के अद्वेतवाद को सुनकर नरेन्द्रनाथ सत्य को पाने का लिये व्याकुल हो गये। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ती हेतु ब्रह्मसमाज में गये किन्तु वहाँ उनका चित्त शान्त न हुआ। रामकृष्ण परमहंस की तारीफ सुनकर नरेन्द्र उनसे तर्क के उद्देश्य से उनके पास गये किन्तु उनके विचारों से प्रभावित हो कर उन्हे गुरू मान लिया। परमहसं की कृपा से उन्हे आत्म साक्षात्कार हुआ। नरेन्द्र परमहंस के प्रिय शिष्यों में से सर्वोपरि थे। 25 वर्ष की उम्र में नरेन्द्र ने गेरुवावस्त्र धारण कर सन्यास ले लिया और विश्व भ्रमण को निकल पडे।

1893 में शिकागो विश्व धर्म परिषद में भारत के प्रतीनिधी बनकर गये किन्तु उस समय युरोप में भारतीयों को हीन दृष्टी से देखते थे। उगते सूरज को कौन रोक पाया है, वहाँ लोगों के विरोध के बावजूद एक प्रोफेसर के प्रयास से स्वामी जी को बोलने का अवसर मिला। स्वामी जी ने बहिनों एवं भाईयों कहकर श्रोताओं को संबोधित किया। स्वामी जी के मुख से ये शब्द सुनकर करतल ध्वनी से उनका स्वागत हुआ। श्रोता उनको मंत्र मुग्ध सुनते रहे निर्धारित समय कब बीत गया पता ही न चला। अध्यक्ष गिबन्स के अनुरोध पर स्वामी जी आगे बोलना शुरू किये तथा 20 मिनट से अधिक बोले। उनसे अभिभूत हो हजारों लोग उनके शिष्य बन गये। आलम ये था कि जब कभी सभा में शोर होता तो उन्हे स्वामी जी के भाषण सुनने का प्रलोभन दिया जाता सारी जनता शान्त हो जाती।

अपने व्याख्यान से स्वामी जी ने सिद्ध कर दिया कि हिन्दु धर्म भी श्रेष्ठ है, उसमें सभी धर्मो समाहित करने की क्षमता है। इस अदभुत सन्यासी ने सात समंदर पार भारतीय संस्कृति की ध्वजा को फैराया।

स्वामी जी केवल संत ही नही देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक एवं मानव प्रेमी थे। 1899 में कोलकता में भीषण प्लेग फैला, अस्वस्थ होने के बावजूद स्वामी जी ने तन मन धन से महामारी से ग्रसित लोगों की सहायता करके इंसानियत की मिसाल दी। स्वामी विवेकानंद ने, 1 मई, 1897 को रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। रामकृष्ण मिशन, दूसरों की सेवा और परोपकार को कर्मयोग मानता है जो कि हिन्दुत्व में प्रतिष्ठित एक महत्वपूर्ण सिध्दान्त है।

39 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में स्वामी जी ने जो अदभुत कार्य किये हैं, वो आने वाली पिढीयों को मार्ग दर्शन करते रहेंगे। 4 जुलाई 1902 को स्वामी जी का अलौकिक शरीर परमात्मा मे विलीन हो गया।

### स्वामी जी का आदर्श

"उठो जागो और तब तक न रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए" अनेक युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत है।
स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी शिक्षा में सर्वोपरी शिक्षा है
**"मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है"**

## खबर संक्षेप

### वार्षिक सम्मेलन आज

**भिलाई।** चौरसिया समाज कल्याण एवं विकास समिति भिलाई नगर द्वारा वार्षिक सम्मेलन, युवक-युवती परिचय व पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 12 जनवरी को साई भवन सेक्टर-6 में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष दिनेश कुमार चौरसिया ने दी।

### सरकारी स्कूल में कराया न्योता भोज



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला में आज संकुल समन्वयक योगेश साहू के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर भोजन का आयोजन किया। जिसमें शाला के समस्त बच्चों को खीर, पुड़ी, पुलाव एवं आलू चना की सब्जी के साथ चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डामेश्वरी ठाकुर, शिक्षामित्र किशन लाल साहू ,विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, केजूराम साहू ,मनोज साहू , उत्रिका टोडर,कीर्ति ठाकुर ,शकुन कोर्राम ,कालिंद्री साहू ,हर्षा साहू, शिक्षिका मीनाक्षी कृष्णमूर्ति आदि उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह आज से

**कुम्हारी।** वार्ड-4 महामाया पारा में राधा रानी महिला समिति एवं नगरवासियों के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा आचार्य पं. हेमंत शुक्ला महाराज के मुखारविंद से सुनाया जाएगा। कथा 12 से 20 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से देर शाम तक चलेगा।

### गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का प्रारंभ

**कुम्हारी।** वार्ड-5 स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ परिसर में शांति कुंज प्रतिनिधियों द्वारा अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में ऋषि पुत्रों द्वारा 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 11 से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण पर रहेगा । कार्यक्रम में प्रथम दिवस मंगल कलश यात्रा के साथ देव स्थापना संगीत कथा प्रारंभ किया जाएगा। वहीं अंतिम दिवस में विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति टोली विदाई एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### डौकीडीह में आज से श्रीमद् भागवत कथा

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में आज से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ चन्द्राकर परिवार के तत्वावधान में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी टेकू रामचंद्राकर ने कहा है कि कथा का दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चलेगा। कथा वाचक आचार्य पंडित वेद प्रकाश पांडे दुर्गा मंदिर नागपुर होंगे।

### हितग्राहियों को 29 मकान आवंटित

**भिलाई।** शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोन आस घटक अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में मकान निर्माण किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किराये के रूप में निवासरत नागरिकों को इस योजना के तहत मकान का आबंटन शासन के नियमानुसार किया जा रहा है।

## बेल्हारी में ओबीसी संयोजन समिति का मनाया गया स्थापना दिवस

# कविता पाठ के माध्यम से जनता को स्वच्छता व मतदान का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम बेल्हारी में ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ का 5वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। दूरदर्शन कलाकार शिव कुमार अंगारे, माखन लाल साहू और रमेश कुमार यादव ने अपनी कविता पाठ से जनता को जागृत करने के साथ स्वच्छता और मतदान का महत्व समझाया। इस अवसर पर संगठन विस्तार की दृष्टि से संभाग अध्यक्ष कीरत राम कुल्हारा ने दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष विनोद उरकूड़े एवं दुर्ग ब्लाक सचिव ज्ञानचंद देवांगन को मनोनीत किए। संगठन द्वारा पिछड़ा वर्ग के लोगों को एकजुट करने के लिए संकल्प लिया गया। एकजुटता से न्याय मिलने की उम्मीद जताई गई है।



### षड्यंत्र होते आया है ओबीसी के साथ, 16 जिलों में नहीं दिया गया आरक्षण

संगठन संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आधी छत्तीसगढ़ में यानी 16 जिलों में ओबीसी को आरक्षण दिया ही नहीं, बाकी 17 जिलों में भी आरक्षण में कटौती की हैं। ये भाजपा सरकार का ओबीसी समाज के साथ घोर षड़यंत्र हैं। इस षड़यंत्र में विपक्षी पार्टी भी बराबर का भागीदार है। संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष टिकेश्वर अभिनव सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान सरकार ने 16 जिलों में ओबीसी आरक्षण को पूरी तरीके से खत्म कर दिया है। इतने बड़े ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य में ओबीसी वर्ग के साथ में इस तरह का अन्याय है। विरोध जबरदस्त आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ राज्य में ओबीसी वर्ग के अंतर्गत 95 जाति सभी धर्म को मिलाकर है। लेकिन वस्तुतः हिंदू धर्म लंबियों के अंतर्गत केवल 12 से 15 जातियों के लोग ही सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### ये रहे उपस्थित

भीखम साहू, आशीष साहू, शैलेन्द्र साहू (शिक्षक ) बी आर सोनबोइर, डॉ शैलेन्द्र साहू, विनोद उरकूड़े, ज्ञानचंद देवांगन, मोहन लाल साहू ( भोपाल )सेवक राम तारक, रूखमणि साहू, राधिका साहू, शांति साहू, बिसाहिन साहू (भोपाल ) अगसिया साहू,घनाराम साहू, श्री राम निषाद, रामरूप निषाद, जयनारायण बाघमारा, कुमार सिंह, देवलाल, द्वारिका साहू, घनश्याम यादव, टेकसिंह साहू, कोमल सिंह साहू, कनक लाल साहु, नीलकंठ यादव, पारसमणि साहू, चंद्रेश साहू, प्रकाश यादव, चंद्रकांत साहू, नरेश यादव,कोमल साहू,मंथीर यादव, प्रदीप निर्मलकर,गजानंद साहू, बृजेश यादव, बिसंभर साहू, खिलेन्द्र साहु, बुधरवा राम साहू आदि उपस्थित थे।

### 1955 में कांग्रेस ने ओबीसी प्रतिनिधित्व से कर दिया था इनकार

मुख्यतिथि कीरत राम कुल्हारा, बल्दू राम साहू और समारु सिन्हा ने आजादी के बाद कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने ओबीसी समाज को भागीदारी से दूर रखने और सिर्फ ठगने का प्रयास किया हैं। विशेष अतिथि चेतन साखरे, रामबिसाल साहू, सांवत राम साहू, षडानन्द साहू, ताम्रध्वज साहू एक स्वर में कहा आने समय में भाजपा और कांग्रेस की नेतृत्व को नकारने के लिए जनता से अपील की है। आयोजक समिति लक्ष्मण निषाद,नरेंद्र धारमगुड़ी, शत्रुघन लाल साहू परमानन्द साहू और युवराज सिंह गंजीर ने कहा कि जब भी ओबीसी समाज हिस्सेदारी की बात होती है। सरकारों द्वारा षड़यंत्र शुरू हो जाती है। 1955 की प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आया तो तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ओबीसी समाज को प्रतिनिधित्व देने से इंकार कर दिया और रिपोर्ट लागू नहीं किया, 1990 में जब मण्डल कमीशन लागू हुआ तो, अटल और अडवानी के नेतृत्व में भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया और मण्डल आयोग को कमण्डल से जोड़ ओबीसी को सिर्फ बरगलाने का काम किया, जिला प्रभारी अंकालू राम साहु ने आभार व्यक्त करते हुए ओबीसी समाज को सभी क्षेत्रों मे, कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका, नौकरी, शिक्षा, व्यपार मिडिया में जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी होनी चाहिए जिसके हम सड़क से संसद तक लड़ने के लिए तैयार है।

## भाजपा के नए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का कुम्हारी में स्वागत



**कुम्हारी ।** दुर्ग जिला संगठन भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का कुम्हारी नगर प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के साथ आये पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष दिलीप साहू का कुम्हारी नगर के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, राजू निषाद, मनोज वर्मा, रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डे, पीएन दुबे, योगेश साहू, मिथलेश यादव, रागिनी निषाद, योगिता वर्मा, तृप्ति चन्द्राकर, रीता पाण्डेय, सुनीता कुर्रे, आरुषि पाण्डेय, भावना बंजारे, गीता निर्मलकर, नारायण सोनकर, उमाकांत साहू, आलोक दुबे , सुमित द्विवेदी, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, सुजीत यादव, पंकज वर्मा, डिकेश पटेल, गोविंद पटेल छबि यादव, पुनेन्द्र साहू , होमेन्द्र साहू, तिलक परघनिया, फिंगेश्वर साहू, विकास सोनकर आदि मौजूद थे।

## सफाई को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सीएमओ वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन में सफाई को लेकर नगर पंचायत पाटन में पदस्थ नए सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा काफी कड़े नजर आए। उन्होंने स्वच्छता दीदियों सहित स्वच्छता कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। सफाई के मामले में कोताही बर्दाश्त बिल्कुल भी नहीं की जाएगी। इसके लिए सीएमओ वर्मा स्वयं सुबह से उठकर विभिन्न वार्ड में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा भी ले रहे हैं ।



■ सफाई व्यवस्था का सीएमओ ने लिया जायजा

नगर पंचायत पाटन के सभी 15 वार्डों में साफ-साफ सफाई को लेकर काफी गंभीरता बरती जा रही है। नगर पंचायत पाटन को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए कई राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड भी मिल चुका है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए नगर के सीएमओ सहित कर्मचारी काफी एहतियात बरत रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी नगर में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

पिछले दिनों नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद हेमंत कुमार वर्मा ने सबसे पहले स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। सब इंजीनियर अर्जुन निर्मलकर , पीआईयू योगेश भाई , सफाई प्रभारी जलज पांडे , नेतराम निर्मालकर आदि मौजूद थे।

## सेंट्रिंग प्लेट व मिक्चर मशीन चोरी करने वाले पांच युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान के कन्स्ट्रक्शन एरिया से सेंट्रिंग प्लेट और मिक्चर मशीन चोरी करने वालो पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों ने प्लान बनाकपर उक्त सामनों को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में घूम रहे थे। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर युवको को पकड़ लिया। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिरकी सूचना पर पांच युवक लोहे का सेंट्रिंग प्लेट, कांक्रिट मिक्चर मशीन बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे थे। पुलिस घटनास्थल स्टेशन मरोदा ब्रिज के पास पांचों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम डिपरा पारा मुकुन्द भवन दुर्ग प्रकाश गुप्ता, दामाद पारा उरला चेतन यादव, पोषण किराना स्टोर के पास मठपारा दुर्ग टीकम शर्मा, इंदिरा नगर हुनमान मंदिर के पास बघेरा शंकर साहू , वार्ड 3 मठपारा भरत सार्वा है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अलग-अलग जगहों से 295 लोहे की सेंट्रिंग प्लेट, 4 नग मिक्चर मशीनें चोरी करना स्वीकार किया। चोरी के सामनों को ई रिक्शा से ले जाते थे, इसे किराए में लेकर जाया करते थे। ई रिक्शा से रेकी करते थे। चलती-फिरते माल वाहक वाहन जिसके ड्राईवर व वाहन नंबर नहीं जानते थे। ऐसे वाहनों को भाडे पर लेकर सेनट्रिग प्लेट डालकर, मिक्चर मशीनों को वाहन के पीछे बांधकर खिंचते थे। चोरी के बाद सामान बेचने के लिए अलग अलग स्थानों पर छिपाकर रखते थे। कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम की टीम व पुलगांव से एएसआई चंद्रशेखर सोनी, नेवई पुलिस का भी योगदान रहा है।

**पांच लाख 70 हजार का सामान जब्त**



### 10 निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाया

थाना नेवई क्षेत्र से मैत्री कुंज सड़क 10 निर्माणाधीन मकान से 60 नग सेनट्रिग प्लेट, दयानगर गैस एजेन्सी के पास से 160 नग सेनट्रिग प्लेट, थाना भिलाई नगर क्षेत्र से 02 नग कांक्रिट मिक्चर मशीन, थाना पदमनाभपुर क्षेत्र राजेन्द्र पार्क के पास, आरटीओ ऑफिस के पास से 2 नग कॉक्रिट मिक्चर मशीन,राजवाडा पैलेस बनोरा के पास से 35 नग लोहे का सेनट्रिग प्लेट,पुलगांव क्षेत्र ग्राम चंदखुरी रामेश्वर चंद्राकर के मकान के सामने से 40 नग लोहे का सेनट्रिग प्लेट चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही ई-रिक्शा समेत अन्य सामान जब्त किया है। जिसकी कीमत 5 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है।

## जेवरा में आरक्षण को लेकर आयोग से ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला निर्वाचन आयोग से जेवरा में आरक्षण प्रक्रिया को लेकर शिकायत की गई है। पिछड़ा वर्ग बाहुल्य इस पंचायत में अनुसूचित जाति होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आयोग को हस्ताक्षरयुक्त शिकायत में कहा है कि जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार में 8 जनवरी को आरक्षण प्रक्रिया के दौरान एक ही व्यक्ति के द्वारा 9 पर्ची निकाली गयी है जबकि आरक्षण प्रक्रिया में निकाली गयी प्रत्येक पर्ची अलग-अलग व्यक्तियों के द्वारा निकाला जाना चाहिए। इससे सुनिश्चित योजना प्रतीत होता है। ग्राम पंचायत जेवरा की कुल मतदाताओं की संख्या 2935 है। जिसमें से अन्य पिछड़ा वर्ग मतदाताओं की संख्या 86 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या 5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति मतदाताओं की संख्या 7 प्रतिशत व अन्य जाति के मतदाताओं की संख्या 2 प्रतिशत है। जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार में आरक्षण की प्रक्रिया के दौरान एक व्यक्ति द्वारा निकाली गयी पर्ची में ग्राम पंचायत जेवरा में सरपंच पद के वर्तमान आरक्षण में अनुसूचिजत जाति है। जबकि ग्राम पंचायत जेवरा में कुल जनसंख्या की 86 प्रतिशत

■ पिछड़ा वर्ग के 86% हैं लोग

अन्य पिछड़ा वर्ग है। जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण में प्राथमिकता दिया जाना विधि सम्मत है। जेवरा, सिरसा खुर्द, करंजा भिलाई एवं ग्राम बोड़ेगांव के सरपंच पद के वर्तमान आरक्षण अनुसूचित जाति आये हैं, इससे स्पष्ट होता है कि जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार में आरक्षण की प्रक्रिया में एक ही व्यक्ति के द्वारा 9 पर्ची निकालना संदेहास्पद है। इसलिए अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने की अपील की है। शिकायत करने वालों में योगेश देशमुख, सोनिया पटेल, लोकेश्वरी देशमुख, टोमन पटेल, सुनील साहू, भागीरथी सपहा, रजनी साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल है।

## अंचल व शहर की खबरें

### भोला वैशालीनगर विस के अध्यक्ष निर्वाचित




**भिलाई।** शनिवार को पांच बिल्डिंग दुर्ग मुख्यालय में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के आमसभा में भोला साहू को सर्वसम्मति से वैशालीनगर विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जनहित कार्यों में उनके सक्रिय सहयोग को ध्यान में रखते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, उपाध्यक्ष एसके केशकर, घनश्याम देवांगन,महामंत्री लखन लाल साहू,कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ.डीपी देशमुख,प्रदेश संयोजक ब्रह्मदेव पटेल आदि ने भोला साहू को ससम्मान नियुक्ति पत्र देकर संस्था का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान किया।

### अमलेश्वर में विकास कार्यों का भूमिपूजन 13 को




**सेलूद।** दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन 13 जनवरी को पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 8 में कबीर चौक डीह में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, महामंत्री कैलाश यादव, जनपद सदस्य रेवती दयानंद सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू, नगर अध्यक्ष डॉक्टर आलोक पाल प्रमुख रूप से रहेंगे।

### खुड़मुड़ी स्कूल में कराया न्यौता भोजन



**पाटन।** ग्राम खुड़मुड़ी के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन विष्णु एवं महेश कुमार साहू के द्वारा किया गया। न्यौता भोजन का आयोजन बेटों ने अपने पिता स्व. शोभी लाल साहू की पुण्यतिथि पर किया गया। इस अवसर पर स्व. साहू की धर्मपत्नी हठीयारिन साहू भी मौजूद रही। बच्चों को व्यंजन में खीर-पूरी व फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सालिक ठाकुर, डॉ. गोपाल प्रसाद देवांगन, चंद्रशेखर वर्मा, सी एल सिन्हा, गोपेन्द्र सिन्हा, भूपेंद्र वर्मा, शेष नारायण, पुरुषोत्तम ध्रुव, कीर्ति , ऊषा साहू, वरुण कुमार आदि मौजूद थे।

### टिकेश्वरी अन्य क्षेत्र से लड़ सकते हैं चुनाव



**अंडा।** जनपद पंचायत दुर्ग के चुनाव में विगत 30 वर्ष से कांग्रेस के नेतृत्व एवं जनपद चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला भरदा क्षेत्र के टिकेश्वरी लाल देशमुख के क्षेत्र में महिला होने के कारण आसपास के क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार थे। किंतु अध्यक्ष पद महिला होने के कारण दौड़ से बाहर हो गया है। वर्तमान जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख अगर चुनाव नहीं लड़ता है तो उन्हें कुथरेल क्षेत्र एवं चंदखुरी से भी चुनाव लड़ सकते हैं क्योंकि निरंतर चार-चार बार जनपद सदस्य रहा करके क्षेत्र में उनकी पकड़ मजबूत हैं। इसलिए कार्यकर्ता भी उन्हें पसंद कर रहे हैं। अध्यक्ष बनाने में प्रारंभ से ही उनकी भूमिका प्रमुख रही है।

स्वदेशी खादी महोत्सव
भव्य पारिवारिक प्रदर्शनी एवं बिक्री
बिहार- भागलपुरी सिल्क, सूट, साड़ी, जम्मू काश्मीर- काश्मीरी सिल्क साड़ी,सूट, आसाम- आसाम सिल्क साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश- बनारसी सिल्क साड़ी,सूट, आन्द्रप्रदेश- पोचमपल्ली पटोला साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश- लखनवी चिकन वर्क सूट टाप मध्य प्रदेश- चंदेरी सूट, छत्तीसगढ़- कोसा सिल्क मटेरियल साड़ी गुजरात- हैंण्डीक्रॉफ्ट बैग, पश्चिम बंगाल - जूट बैग, जीन्स बैग दिल्ली- लेदर बैग, राजस्थान - टॉप, सूट, साड़ी, मोजरी केरला- साड़ी, सूट, पंजाब- फुलकारी वर्क, जयपुर- ज्वेलरी
वेल्डेक्स ग्राउण्ड, कला मंदिर के सामने, सिविक सेंटर,भिलाई
समय: सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
Deepak Ad.

**बिजनेस साइट**

## जननांग की चली गई थी चेतना, रीढ़ से निकाला ट्यूमर

**भिलाई।** पिछले कई वर्षों से एक अजीब सी परेशानी से जूझ रही महिला को हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में आकर राहत मिली है। दल्ली राजहरा निवासी 30 वर्षीय महिला के जननांग के क्षेत्र में कोई स्पर्श चेतना नहीं थी। अब उसकी चाल में भी लड़खड़ाहट नजर आने लगी थी। स्थानीय चिकित्सक की सलाह पर वह हाइटेक पहुंची और अब वह बिल्कुल ठीक है। न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक बंसल ने बताया कि मस्तिष्क से शरीर के प्रत्येक अंग तक संवेदना लेकर आने जाने वाली नसें रीढ़ में से होकर ही गुजरती हैं। इसलिए महिला की समस्या सुनने के बाद सबसे पहले उनकी रेडियोलॉजिकल जांच की गई। जांच में महिला की रीढ़ के उस हिस्से में ट्यूमर पाया गया जहां से जननांगों तक संवेदना जाती है। ट्यूमर के कारण नस पर दबाव पड़ रहा था। जैसे जैसे उसका आकार बढ़ रहा था समस्या बढ़ रही थी। इसके कारण शरीर का निचला हिस्सा धीरे-धीरे सुन्न होता जा रहा था। मरीज के परिजनों को पूरी स्थिति समझाने के बाद उन्हें सर्जरी के लिए लिया गया. उन्होंने बताया कि नसों पर ऐसा दबाव चोट लगने से, संक्रमण, ट्यूमर, रीढ़ की टीबी, अन्य विकृति या उठने-बैठने के दोषपूर्ण तरीकों के कारण भी हो सकता है। सर्जरी के तीन दिन बाद महिला की हालत काफी हद तक सुधर चुकी थी। पांच दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सर्वेक्षण की शुरू हुई कवायद, गीला-सूखा कचरा अलग करने समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शहर को अव्वल स्थान पर लाने नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार मार्च के पहले केन्द्रिय टीम दस्तक दे सकती है। पिछले साल दुर्ग जिला का एक भी निकाय टाप टेन में शामिल नही हो पाई थी। लेकिन इस बार टाप टेन में शामिल होने निगम प्रशासन द्वारा कवायद शुरू कर दी गई हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए इस बार 95 सौ नंबर निर्धारित किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा अंक कचरा निपटान में 5705 नंबर होगें। इसलिए निगम प्रशासन द्वारा गीला और सूखा कचरा को अलग कर निष्पादन कराने में रूचि दिखा रहा हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नियमित प्रातः फील्ड निरीक्षण कर रहें है। अफसरों का दावा हैं कि, निरीक्षण से स्वच्छता के प्रति आम लोगों की रूचि बढ़ रही है। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर शहरवासियों को गीले कचरे से खाद बनाने और सूखा व गीला कचरा अलग अलग करने के प्रति शहरवासियों को जागरूक कर रहे हैं।

## डोर टू डोर शहरवासियों को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

### कचरा से खाद बनाने पर फोकस

इस बार के सर्वेक्षण में खासकर शहर से निकलने वाले कचरों की उपयोगिता देखी जाएगी। इसलिए निगम द्वारा स्लोगन दिया गया हैं। जिसमें कहा जा रहा है मै कचरा नही हैं, मुझसे खाद बन सकता हैं। इस स्लोगन के जरिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है और लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग अलग देने कहा जा रहा हैं। पिछली बैठक में उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उसकी रिसाइक्लिंग और गीले कचरे से कंपोस्ट बनाने के काम में सुधार लाई जाए।



### इस मापदंड में परखेगी टीम

निगमायुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसमें वार्ड शहर के विभिन्न स्कूलों, कालेज, होटलों, धार्मिक स्थलों, दुकानों को भी सर्वेक्षण में शामिल किया गया है। यही नही स्कूल के शौचालय और शहर के गार्डन व सडक किनारे कितनी हरियाली इस पर भी फोकस किया जाएगा। आयुक्त सुमीत अग्रवाल का कहना है कि, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अपने शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए सहयोग देने की अपील की जा रही हैं। इसके साथ लोगों को गीला कचरे से खाद बनाने के प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### चौपाटी में सफाई मित्र सुरक्षा कैंप लगाया गया

**दुर्ग।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा कैम्प लगाया गया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत सभी जीरो वेस्ट सेंटर सेंटर में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी एसएलआरएम सेंटर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। सेंटर में कार्यरत सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीपी, शुगर, कैल्शियम, ब्लड ग्रुप, थाइरॉइड, विटामिन एवं अन्य जांच किये गए एवं जांच उपरांत मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रेया तिवारी द्वारा आवश्यक दवाइयां दीदियों को उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी प्रताप सोनी, एरिया प्रोजेक्ट मैनेज मनीष यादव, कुलेश्वर चंद्राकर, डॉ श्रेया तिवारी, नर्स मंजू साहू, लैब टेक्नीशियन पुष्पा, फार्मासिस्ट लक्ष्य साहू, वाहन चालक रोमेश पटेल मौजूद थे।

### वार्डों में बनेंगे सीमेंटीकृत सड़क, मिली स्वीकृति

**दुर्ग।** दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में 10 स्थानों पर सीमेंटीकरण सड़क बनाने शासन से स्वीकृति मिली है। आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से शहर के सभी कच्ची सड़कों को दुरुस्त करने लगातार कार्य किया जा रहा है। नागरिकों के मांग अनुरूप विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की स्वीकृति विष्णुदेव साय सरकार में मिल रही है। विधायक कार्यालय में भेंट मुलाकात के दौरान क्षेत्र की जनता ने जर्जर सड़क के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग किये थे। स्वीकृत कार्यों में वार्ड में 01 दो स्थान, वार्ड 02 में 02 स्थान, वार्ड 03 में दो स्थान, वार्ड 49 में 02 स्थान, वार्ड 44 वार्ड 51 में भी सीमेंटीकरण सड़क बनाने अधोसंरचना मद से 99.90 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### प्रेम बने छग डिप्लोमा इंजीनियर्स एसो. के अध्यक्ष

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला समिति दुर्ग का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रेमनारायण साहू सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग अध्यक्ष, सुनील मेश्राम, उप अभियंता पीडब्लूडी वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रतीक मिश्रा उप अभियंता पीएचई कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में एके बारसागढ़े, आरएस अनंत, अशोक कुमार साहू, विशाल गेड़ाम, गायत्री वैश्नव, कल्पना पोया, स्मिता वर्मा, अजीता साजन, योगेश कुमार, एमए खान, गरिमा तिवारी, प्रीति सागर, वर्षा तिवारी, मिनी कुम्हारे, उपस्थित रहे।

### भंडारे का आयोजन 14 को

**दुर्ग।** मकर संक्रांति 14 जनवरी को ग्राम पथरिया के शनिमंदिर में महाप्रसादी भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा दोपहर 12.30 से शाम 6 बजे तक चलेगा। यह जानकारी परसमल जैन ने दी।

## आरक्षण : जिला पंचायत अध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित

# जिला पंचायत में अध्यक्ष का पद भी महिला, सात सीट पहले ही आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत की राजनीति में इस बार महिला वर्ग की तिगडी रहेगी। शनिवार को रायपुर में जिला पंचायत के लिए आरक्षित की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया हैं। इससे पहले जिला पंचायत क्षेत्र बारह में सात सीट पहले ही महिलाओं के लिए सीधे आरक्षित हैं। इससे स्पष्ट है कि, जिला पंचायत के बारह सीटो में सबसे ज्यादा महिला वर्ग की ही बहुमत रहेगी।

शनिवार को रायपुर के निमोरा में सुबह 11 बजे से प्रदेशभर के जिला पंचायतो के पद के लिए आरक्षित प्रक्रिया शुरू की गई। इस प्रक्रिया के तहत दुर्ग जिला पंचायत की सीट को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया हैं। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले जिला पंचायत सदस्यो के लिए सात पद महिला सीट पहले ही आरक्षित थे। वही जिला अध्यक्ष की सीट भी महिला के हाथों के जाने के बाद जिला पंचायत की कमान महतारियो के हाथो होगी। इससे पूर्व 2019 के चुनाव में भी जिला अध्यक्ष का पद ओबीसी महिला ही था। इस बार भी महिला वर्ग के लिए सीट आरक्षित कर दिया गया है।

## जनपद सहित जिला पंचायत में महिलाओं का रहेगा खासा दबदबा




### जनपद अध्यक्ष के लिए दो में महिला आरक्षित

जिले के तीन जनपद में दो जनपद का आरक्षण महिला के लिए रिजर्व हो गया हैं। इसमें दुर्ग जनपद अध्यक्ष का पद ओबीसी महिला और पाटन का अनारक्षित महिला के लिए रिजर्व हो गया हैं। इसी तरह धमधा जनपद अध्यक्ष अनारक्षित मुक्त यानि यहां से भी पुरूष और महिला को लडने का विकल्प हैं। वर्तमान की स्थिति में इन तीन सीटों में दुर्ग के वर्तमान जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख चुनाव नही लड पाएंगे। वहीं पाटन अध्यक्ष रामबाई सिन्हा और धमधा अध्यक्ष सरस्वती रात्रे की सीट सुरक्षित हैं। जबकि दुर्ग जनपद के चौबीस सीट में सीधे तेरह सीट महिला के लिए आरक्षित हो गए हैं। इसके आलावा शेष सीट मुक्त कर दिया गया, इसमें भी महिलाएं चुनाव लड सकेगी।

### जिला पंचायत की एक सीट महिला की बढ़ी

पिछले दिनों जिला पंचायत के बारह सीटो में आरक्षण प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें क्षेत्र क्रमांक क्षेत्र क्रमांक 01 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 02 ओबीसी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 03 एससी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 4 एससी महिला अनुसूचित जाति, क्षेत्र क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 06 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 07 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 08 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 09 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला, क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित महिला हो गया हैं। इस तरह इस बार सात सीट महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। जिसमें क्षेत्र क्रमांक चार, छः, सात, आठ, दस, ग्यारह और बारह शामिल हैं।

# गीतांजलि संगीत समिति का वार्षिकोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गीतांजली संगीत शिक्षण समिति के तत्वाधान में संगीत महाविद्यालय ने विगत दिनों वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल कार्यक्रम के अध्यक्ष और गजेन्द्र यादव विधायक मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष रत्ना नारमदेव सचिव, एन विश्वनाथ प्रबंधक, दिलीप इंगले किया। कत्थक नित्य, लवषी नित्य, भारत नाटयम, तबला वादन, सुगम संगीत, शास्त्री गायन, बांसुरी वादन, प्रस्तुत कर सभी दर्शाक का मन मोह लिया। आयोजकों ने बताया कि, जिले के एक मात्र संगीत महाविद्यालय है। जहाँ पर आवश्यक और जरूरी संसाधनो का होना जरूरी है। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद ने इस पर आश्वस्त किया। गजेन्द्र यादव विद्यायक ने कहा कि शीघ्र ही वर्तमान जगह में संचालित महाविद्यालय के भवन का आवश्यकता के अनुरूप जल्द ही निर्माण कार्य कराये जाने कि बात कही है। इस अवसर पर साहेब सिंह, कल्यान सिंह, ठाकुर रामविशाल शर्मा, भावना वर्मा, असीम तिवारी, छत्रसाल, गायकवाड पोषण लाल साहू, जयंत वर्मा, महेश देवांगन, श्री कार्तिक भोसले, सुश्री पूर्वा ब्रम्हभट्ट, सीएल सेन आदि उपस्थित रहे।

■ छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में लिया भाग

# हिंदी संगोष्ठी समारोह में स्वच्छता दूत पाणीग्रही किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर स्वच्छता की दौड़ में सात बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर देश के सबसे स्वच्छ नंबर वन शहर इंदौर सिटी में राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी एम सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इंदौर सिटी की स्वच्छता का अध्ययन करने स्वच्छ सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इंदौर पहुंचकर 3 दिनों तक इंदौर की स्वच्छता कार्यक्रमो का मैदानी अध्यन किया और कहा कि, स्वच्छता इंदौर के लोगों के दिलों में बसती है। 8वी बार भी इंदौर का दावा बनता नजर आ रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता के प्रति समर्पित स्वच्छता दूत डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को इंदौर में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्या पीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी में सम्मान पत्र एवम स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में पधारे डॉ विश्वनाथ पाणिग्रहि ने स्वच्छता शपथ एवं पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या देवी के त्रि शताब्दी जन्म समारोह के संदर्भ में पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इंदौर के लोगों का स्वच्छता के लिए तथा 7 बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई दी तथा सम्मेलन में आए हुए लोगों को इंदौर से स्वच्छता की सीख लेने प्रेरणा लेने हेतु आव्हान करते हुए कहा।

■ स्वच्छता रैंकिंग के लिए इंदौर का किया था दौरा



## वार्षिकोत्सव में किया पुरस्कार का वितरण




**दुर्ग।** वार्षिक उत्सव शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमा नायक (सहायक संचालक) एवं विशेष अतिथि अमित घोष (सहायक संचालक) जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय अपनी उपस्थिति दी। वही अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, सांसद प्रतिनिधि आसिफ, प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मीनाक्षी महोबिया, विधायक प्रतिनिधि विकास सेन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अकादमिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी मोमेंटो और प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्राचार्य असीमा चटर्जी द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों एवं कार्य योजनाओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पूर्व माध्यमिक के प्रधान पाठक के रघुनाथ राव एवं संकुल समन्वयक कमल वैष्णव का कार्यक्रम में योगदान रहा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने समारोह के आनंद मे चार चांद लगाए। मंच संचालन कुसुम वर्मा, प्रणिता साहू, चैतन्य लहरे एवं निवेदिता चंद्राकार द्वारा किया गया।

# आदर्श महिला समिति ने मनाया स्थापना दिवस, किए गए पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री आदर्श महिला समिति केंद्रीय कर्मचारी नगर दुर्गा के तत्वाधान में 11 जनवरी को महिला समिति का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण वोरा थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, विशेष अतिथि सत्यवती वर्मा पार्षद, रत्ना नरमदेव पूर्व एल्डरमैन व संजय कोहिले रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत समिति के अध्यक्ष इंदु ढोक ने किया। समिति के माध्यम से वर्षभर कीये का आर्यो की जानकारी दी और आगामी कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व मेयर आरएन वर्मा ने भी सभी कार्यक्रम की तारीफ की। कार्यक्रम में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पासिंग बाल प्रतियोगिता में प्रथम पूर्णिमा टण्डन, द्वितिय रमा राव, सांत्वना अनिता वर्मा, हौजी गेम में प्रथम टी पदमा, द्वितीय प्रशस्ति घोरमोडे, सांत्वना राधिका यादव, बेलन मे चुडी डालों प्रतियोगी मे प्रथम पूर्णिमा टण्डन, द्वितीय वैशाली शेन्ड, सांत्वना पुष्पा खोब्रागडे रही। कार्यक्रम बबीता रोडगे, प्रमिला खापर्डे, पूर्णिमा टण्डन, इन्दु ढोक, ललिता मुन, मीना पटले, शोभा ढारगावे, विशाखा खापर्डे, ज्वाला वन्जारी, सविता जीजा भगत, रश्मि सेलारे, किरण शर्मा, प्रज्ञा कांडे, मनिषा पाटील आदि उपस्थित थीं।

# स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन मनाया गया

**दुर्ग।** हंसराज नवयुवक मंडल दुर्ग द्वारा समाजसेवा के क्रम में दुर्ग शहर के गिरधारी नगर स्वामी विवेकानंद शा.प्रा. विद्यालय व शिक्षक नगर के सबसे पुराने तिलक शा. प्रा. विद्यालय में नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को पेन, चाकलेट व स्वामी विवेकानंद की संक्षिप्त जीवनी विवरणिका वितरित कर व मानवीय सद्गुणों में अभिवृद्धि करने की नैतिक शिक्षा प्रदान करते शपथ दिलवाकर स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में हंसराज नवयुवक मंडल के छविकांत बाघे, बंटी चौरे, सुरेश कसेर, विनीत चौरे व जयवर्धन समाजसेवी ने अपना अमूल्य योगदान दिया।




# सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्नेह सम्मेलन के साथ सम्पन्न होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री माहेश्वरी पंचायत द्वारा 5 से 12 जनवरी तक पूरे सप्ताह आयोजनों की विभिन्न श्रृंखला का समावेश करते हुए 43 वाँ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत 12 जनवरी को दोपहर 4 बजे पंचवटी मैरिज पैलेस , शिवनाथ नदी रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्नेह सम्मेलन - संगम रखा गया है। इसी के साथ इस वार्षिकोत्सव के साप्ताहिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे । समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त मंत्री मध्यांचल अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा दिनेश राठी नागपुर व वशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा सुरेश मूंधड़ा रायपुर होंगे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## यूट्यूब में भी सुनी जा रही जोगिया के एलबम के गाने


# शहर के गायक की बालीवुड में धमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग-भिलाई शहर के सुप्रसिद्ध गायक तपन कुमार चक्रबर्ती की गायकी अब बालीवुड में सुनने को मिलेगी। हाल ही में एक म्यूजिक एल्बम में बतौर पार्श्व गायक मुंबई में उनके आवाज पर गीत रिकॉर्ड किया गया। 'जोगिया' शीर्षक के इस एल्बम में तपन के साथ बॉलीवुड की गायिका पामेला जैन (स्थानीय) ने भी अपनी आवाज़ दी है।

■ हिंदी मूवी में प्ले बैक सिंगिंग का मिला आफर

बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश शर्मा और गीतकार शहाबुद्दीन अलवी ने शब्दों को पिरोया हैं। ये गीत कई ऑडियो प्लेटफार्म में आ चुका है, इस गीत का वीडियो फोर्मेट होली तक आ जाएगी। इसके अलावा तपन का हाल ही में बॉलीवुड की एक बड़ी फिल्म के लिए सुप्रसिद्ध गायक दिव्य कुमार (स्त्री-2 फेम) के साथ एक और युगल गीत रिकॉर्ड हुआ है। इस गीत को धुनों से सजाया है बॉलीवुड के संगीतकार राजेश शर्मा ने एवं गीतकार रंधीर सिंह है।



### आखिर मुंबई तक पहुंची आवाज

तपन अपने संगीत के सफर में इस मुकाम पर पहुँचने के लिए लगातार प्रयासरत रहे, विभिन्न प्लेटफार्म में वे गाने गाकर वाहवाही बटोरते रहे और आज उनकी आवाज मुंबई तक पहुंच गई। इस प्रयास के बीच तपन की आवाज़ बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार राजेश शर्मा तक पहुंची। राजेश शर्मा ने उन्हें मुंबई आने का ऑफर दिया।

### फिल्म में गवाने का भी आफर

जोगिया' एल्बम में तपन के गाये गीत से प्रभावित होकर संगीतकार राजेश शर्मा ने तपन को सुप्रसिद्ध गायक दिव्य कुमार (स्त्री-2 फेम) के साथ इस बड़ी फिल्म का ऑफर दिया हैं। आने वाले दिनों में तपन कुमार चक्रबर्ती बॉलीवुड के और भी गीतों में अपनी आवाज़ देने वाले है। इस उपलब्धि पर गायक तपन को अंचल के रसिक श्रोताओं ने तपन को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।






हरिभूमि
रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04



फैशन वीक का जादू

**लाइव इवेंट**

## शिक्षक नगर कोहका में मानस गान मंडलियों द्वारा दी गई प्रस्तुति



**भिलाई।** मां सरस्वती उत्सव समिति शिक्षक नगर कोहका द्वारा मानस गान सम्मेलन का आयोजन दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन गिरवर बंटी साहू सभापति नगर निगम भिलाई द्वारा किया गया। प्रथम दिवस दुरांचल से आए हुए स्वांतः सुखाय मानस मंडली छुहिया गरियाबंद नवनीत मानस मंडली, नंदिनी अहिवारा, आदर्श मानस मंडली, सरबदा कुरूद , विनय मानस मंडली, भिलौरी, शील सिंधु राघव मानस मंडली, परसही , नव तुलसी के फूल महिला मानस मंडली ,हराडुला बस्तर , वंदना महिला मानस मंडली, पड़कीभाट , शिवरंजनी मानस मंडली, बेमेतरा , जय गजानन मानस मंडली ने प्रस्तुति दी। समिति द्वारा आज रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्ष गांठ महा आरती एवं शानदार आतिशबाजी के साथ मनाया गया।



**सिटी इवेंट**

## ब्लॉक स्तर पर खेलों का महाकुंभ, 14 को खमरिया से फुगड़ी, मेढक दौड़ जैसे खेलों से होगी शुरुआत

**भिलाई।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी दुर्ग में ब्लॉक स्तरीय खेल



प्रतियोगिताएं शुरू होने जा रही है। 14 और 15 जनवरी को खमरिया में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। फुगड़ी, मेढक जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। संकल्प स्पोर्ट्स एवं कल्चर एसोसिएशन खम्हरिया-पुरई में यह आयोजन होने जा रहा है। 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से उद्घाटन समारोह होगा। सांसद विजय बघेल, जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद सदस्य बुधवन्तिन मधुकर, सरपंच सुखीराम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, मेंढक दौड़, सुई धागा, गोली चम्मच सुरीली कुर्सी, रिलेरेस, खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पूर्व में इन बच्चों ने शाला, संकुल एवं जोन स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकासखंड में अपनी जगह बनाई है। इस अवसर पर शालेय गतिविधियों पर आधारित पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। दुर्ग ब्लॉक में 325 बच्चों का चयन छात्रवृति के लिए हुआ है। यह पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। इसी तरह विकासखंड से कुल 20 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। समापन समारोह के ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, झमित गायकवाड़ सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

**सिटी इवेंट**

## हिन्दू शक्ति मंच के प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी घोषित

**भिलाई।** हिन्दू शक्ति मंच के प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी



घोषितभिलाई- हिन्दू शक्ति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश तिवारी ने संगठन का विस्तार करते हुये प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसके अनुसार हरजिन्दर सिंग रंगी प्रदेश महासचिव, भूपेन्द्र मिश्रा, शिखर सिंह, आशुतोष मिश्रा एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश साहू प्रदेश सचिव, राजेश ठाकुर, विजय कुमार साहू, राजू वनवे, देवकुमार निषाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिवक्ता अकुंर गुप्ता विधिक सलाहकार नियुक्त किये गये है। वहीं दुर्ग जिलाध्यक्ष- शंकर बघेल, बेमेतरा जिलाध्यक्ष ललित साहू, रायपुर जिलाध्यक्ष- पंकज वर्मा, बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष योगेश वर्मा, राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष ललित निषाद, बालोद जिलाध्यक्ष हरीश गंजीर, धमतरी जिलाध्यक्ष मोनिका ठाकुर एवं गरियाबंद जिलाध्यक्ष पद पर गोपेश शर्मा का मनोनयन किया गया है।हिन्दू शक्ति मंच के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष खेमचंद जैन, वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गणेश प्रसाद जंघेल, पाटन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष- योगेन्द्र साहू, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश साहू, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आकांक्षा जांगड़े, साजा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष- परमेश्वर साहू, कुरुद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू, जामुल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश देशलहरे, दुर्ग नगर अध्यक्ष राजू सोनकर, भिलाई-3 नगर अध्यक्ष नरोत्तम साहू, जामुल नगर अध्यक्ष शिवकुमार चौहान, औद्योगिक क्षेत्र हथखोज भिलाई अध्यक्ष- रविन्द्र कुमार पाण्डेय एवं बेमेतरा नगर अध्यक्ष-पद पर टीकाराम साहू की नियुक्ति की गई है।

**वार्षिक खेलकूद : कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 में एथलेटिक्स की विधाओं में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा**

# स्लो साइकिल रेस, व्हालीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी जैसे 22 खेलों में 451 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना, 14 को मिलेगा विजेता को पुरस्कार

शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 24 से ज्यादा खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्लो साइकिल रेस, भाला फेंक, क्रिकेट, व्हालीबॉल, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थियों के साथ कॉलेज के प्राध्यापक और डिपार्टमेंट के कर्मचारी भी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 14 जनवरी को किया जाएगा। इस दौरान विजेता टीमें, प्रतिभागी सम्मानित किए जाएंगे।







**भिलाई।** दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद में एथलेटिक्स के कई इवेंट में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक और खेल प्रशासक डॉ. प्रमोद शंकर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सलीम अकील ने किया। डॉ. शर्मा ने अपने अकादमिक और प्रशासनिक अनुभवों का स्मरण किया। चार दशक के लंबे अपने सेवाकाल के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। डॉ. पीएस शर्मा इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को खेल में जीत के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल, क्रीड़ा और दैनिक शारीरिक गतिविधियों का अपना महत्व है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाने वाले भिलाई, दुर्ग जिला और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की कहानियों को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. विनय शर्मा ने कहा कि स्पर्धाओं और प्रतियोगिताओं को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने अपने छात्र जीवन और कई प्रतियोगिताओं में टीम के प्रतिनिधित्व का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों को हमेशा आगे बढ़ने की सलाह दी गई। इस दौरान राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अव्वल रही। कल्याण कॉलेज टीम की विजेता ट्रॉफी को प्राध्यापकों ने प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा के नेतृत्व में प्राध्यापक डॉ. प्रमोद शर्मा को भेंट किया गया।



### 100, 200 और 400 मीटर की दौड़ का भी आयोजन

इस दौरान पहले दिन सौ मीटर, दो सौ मीटर और चार सौ मीटर दौड़ में भाग लिया। इसके अलावा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.गुणवंत चंद्रौल, डॉ.लखन चौधरी, डॉ.बनीता सिन्हा, डॉ.ईश्वर सिंह, क्रीड़ाधिकारी भुनेश्वर साहू, छात्र संघ प्रभारी डॉ. केएल दिनेश, डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. मणिमेखला शुक्ला, डॉ. अरुणा चौबे, डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ.अंजन कुमार, डॉ.शबाना, डॉ.आरती मिश्रा, डॉ. के.नागमणि, डॉ. एनपापा राव, डॉ. हरीश कश्यप, डॉ.नरेश देशमुख सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# हजारों साल बाद भी भारत की संस्कृति अपने मूल स्वरूप में जीवित, यह श्रेष्ठता का पर्याय

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड निगमन कार्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विश्व हिंदी दिवस पर राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उनके अलावा कार्यक्रम में डॉ. हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वरूपानंद कॉलेज, एसके पोलु उप महाप्रबंधक, प्रभाकर सिंह ठाकुर, बीपी अनंत, छगन लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे। हिंदी दिवस पर उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता, सुरक्षा, प्रबंधन एवं पर्यावरण,भारतीय संस्कृति एवं हिंदीविषय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोलू ने कहा कि उत्पादन उपकरण, मशीन और सेवाएं आदि का निर्माण करती है। वहीं उत्पादन प्रकिया में आउटपुट और इनपुट के अनुपात को उत्पादकता कहते हैं।प्रभाकर सिंह ठाकुर ने कहा कि जहां सुरक्षा है, वहां उन्नति है, अर्थात सुरक्षा प्रथम को चरितार्थ करते हुए ग्राहक की संतुष्टि गुणवत्ता पर निर्भर करता है। गुणवत्ता और सुरक्षा का लक्ष्य उचित लागत पर सर्वोत्म सेवाएं प्रदान करना है। बीपी अनंत ने भी अपने विचार रखे।

- फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा हिंदी दिवस पर राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन



### हजारों साल बाद भी हमारी संस्कृति मूल स्वरूप में जीवित

डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि हजारों वर्षों के बाद भी यह संस्कृति अपने मूल स्वरूप में जीवित है। सहिष्णु प्रकृति ने उसे दीर्घ आयु और स्थायित्व प्रदान किया है। उन्होंने राजभाषा हिंदी के सम्मान का बोध कराया। डॉ. शर्मा ने कहा कि जीवन में अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में भाषा की जरूरत होती है। भाषा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ती है, संपर्क भाषा के तौर पर विकास करती है।हिंदी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। हिंदी, अमेरिका, फिजी, मारीशस जैसे देशों में लिखी भी जा रही है। भाषा हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। कार्यक्रम में सुब्रत मुखर्जी, शिवदत चौबे, सरोज कुमार सुबुद्धि, प्रदीप कुमार साहू, सुनिता पंडित सहित अन्य मौजूद थे।

# गुरुदेव सोहनलाल बापजी की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा आज



**दुर्ग ।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में आज 12 जनवरी को चालीसगांव महाराष्ट्र के अवतारी संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी की 24वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 10 बजे पूजा अर्चना उपरांत प्रसिद्ध गायक गौरव बजाज द्वारा बापजी महाराज के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किया गया हैं। जिसकी तैयारियों में दरबार के सदस्य जुटे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर के प्रमुख रमेश कुमार जैन व पायल जैन द्वारा श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

**बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर रिसाली में एक दिवसीय कार्यशाला, घर-घर संदेश पहुंचाने संकल्प**

**कार्नर न्यूज**

# शादी के लिए लड़कों की उम्र 21 और लड़कियों की 18 वर्ष होना जरूरी, इससे पहले शादी पर हो सकती है जेल

**भिलाई।** दुर्ग जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इसे लेकर शनिवार को रिसाली निगम में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित शिविर में जानकारी दी गई कि हमें बाल विवाह रोकने हर घर दस्तक देनी है। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताना है कि शादी के समय लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसी शादी अवैध मानी जाएगी, साथ ही पालकों को जेल भी हो सकती है। आपके आसपास कहीं भी ऐसी शादी हो रही है, तो इसकी सूचना तत्काल 1098 नंबर पर दें। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में परियोजना स्तरीय सभी 08 सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 08 सेक्टर प्रभारी (पर्यवेक्षक) मौजूद थे। शासन की अत्यंत महत्वकांक्षी योजना बाल विवाह मुक्त आयोजित प्रशिक्षण में भारतीय दण्ड संहिता प्रतिशेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत निर्धारित उम्र के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि यह दण्डनीय अपराध है। विवाह समारोह में सम्मिलित जनसमुदाय भी दण्ड के भागिदार होंगे। इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।



### भिक्षावृत्ति, पाक्सो और लैंगिक उत्पीड़न को लेकर भी दिया गया प्रशिक्षण

बाल विवाह कानून के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से विचार रखे गए। भिक्षावृत्ति, पाक्सो एक्ट, लैंगिक उत्पीड़न पर भी प्रशिक्षण दिया गया। सामूहिक रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों, अतिथियों, विभाग के अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। इसमें बाल विवाह के विरोध करने, बाल विवाह जैसे प्रासंगिक घटना होने पर विधिसम्मत पंचायत, निकाय, महिला बाल विकास विभाग को सूचना देना। बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के विषय में शपथ ली गई। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि सभापति केशव बन्छोर, पार्षद सनीर साहू, शैलेन्द्र साहू, डॉ. सीमा साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### दुर्ग परियोजना में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

दुर्ग परियोजना में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में डीपीएम आरके जामुलकर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश साहू सहित अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान बाल विवाह से जुड़ी कानूनी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि 2028 तक पूरे देश को बाल विवाह से मुक्त करने अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें जिले से लेकर छत्तीसगढ़ में वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सबसे पहले ग्राम पंचायत, वार्डों को बाल विवाह से मुक्त कराया जाना है। इसमें सबसे अहम भागीदार चाइल्डलाइन की है। वे हमें खबर करें, ऐसे लोगों को जागरूक करें। ताकि इस पर पूरी तरह से रोक लग सके।

## सिटी इवेंट

# ललित कर्णावट की किताब वॉर्म अप को बच्चों ने सराहा



**दुर्ग।** पूज्य गुरुदेव रतन मुनि द्वारा विमोचित और ललित कर्णावट द्वारा लिखित मोटिवेशनल किताब वॉर्म अप का वितरण जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया। इसके लाभार्थी सदस्यों मुख्य रूप से जमुना देवी बाफना, निर्मल बाफना, सतीश सुराणा (एकेडमी 360), डॉ. बीसी कर्णावट की स्मृति में डॉ. अनिल कर्णावट (वी वाय हॉस्पिटल), ऋषभ बिल्डर के अभिलेश कटारिया ने सहर्ष योगदान देकर राष्ट्र निर्माण की नींव, स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इसके पूर्व मालवीय नगर दुर्ग स्थित आत्मानंद स्कूल, सहसपुर लोहारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, राजनांदगांव के स्टेट हाई स्कूल में भी वॉर्म अप किताब का वितरण किया गया। ललित कर्णावट ने बताया कि स्कूली बच्चों में आगे बढ़ने की ललक तो है, परंतु मार्गदर्शन न हो पाने के कारण बहुत से भविष्य में पीछे रह जाते हैं। कुछ ही बच्चे अच्छाकर पाते हैं, ऐसे में यह किताब वॉर्म अप जरूर उनकी सहायता करेगी। नवोदय विद्यालय में वर्कशॉप के दौरान उन्होंने इसे जिंदगी का सिलेबस बताया, जो कि हर छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगा। ललित कर्णावट ने बताया कि उनकी यह मुहिम आगे भी चलती रहेगी।

## स्पोर्ट्स लाइव

# बीएसपी के श्रमिक खेलेंगे फ्लड लाइट क्रिकेट मैच



- 27 जनवरी से सेक्टर-1 ग्राउंड में स्पर्धा का आगाज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के मनोरंजन एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।प्रतियोगिता 27 जनवरी को सेक्टर-1 ग्राउंड में शुरू होगी। इस्पात मज़दूर संघ यूनियन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता कर्मचारियों के लिए अंतर विभागीय खेली जाएगी। 2 फरवरी तक प्रतियोगिता के मैचेस होंगे। 23 जनवरी तक टीमों का पंजीयन किया जाएगा। 25 जनवरी को भिलाई इस्पात मज़दूर संघ कार्यालय सेक्टर 6 बी मार्केट के सामने केनरा बैंक के बाजू कार्यालय से सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक फिक्सर प्राप्त किया जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि जो भी टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी, उस टीम को बीएमएस की तरफ से एक क्रिकेट किट बैग निःशुल्क दिया जाएगा। साथ ही भाग लेने वाली सभी टीमों को इस टूर्नामेंट में ड्रेस कोड में खेलना अनिवार्य किया गया है। बिना ड्रेस कोड के एंट्री नहीं दिया जाएगा। प्रतिदिन मैच सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 10 ओवर का होगा। सेमीफ़ाइनल एवं फाइनल मैच 12 ओवर का होगा।प्रत्येक मैच में 4 ओवर पावर प्ले होगा।

### विजेता टीम को मिलेगा 25 हजार का नकद इनाम

प्रतियोगिता के फाइनल विजेता को 5 हजार रुपए नगद और विनर शील्ड प्रदान किया जाएगा। दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को 15000 और तीसरे नंबर की टीम को 8 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज़, बेस्ट बेस्टसमेन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट फ़िल्डर, बेस्ट कैचर, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। मैदान तैयार किया जा रहा है। संगठन के सह संयोजक वशिष्ठ वर्मा, सन्नी ईपपन, आईपी मिश्रा, डिल्ली राव, जोगिंदर कुमार, जगजीत सिंह, प्रदीप कुमार पाल, सुधीर गडेवाल, ए. वेंकट रमैया, गंगा राम चौबे, पूरन लाल साहू, संजय कुमार साकुरे, अनिल गजभिये, भूपेन्द्र बंजारे सहित अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## धर्म इवेंट

# दार्शनिक संत और मां काली के उपासक राजन की सभा आज



**दुर्ग।** दार्शनिक संत एवं मां काली के उपासक राजन महाराज पावन संस्मरण सभा का आयोजन 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे से स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन किया गया है। गुरु भक्तों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, शहर विधायक गजेंद्र यादव एवं श्री राजन महाराज पर आस्था और विश्वास रखने वाले गुरु भक्त उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के प्रमुख मंगल दास मंगलम एवं अशोक तिवारी ने बताया दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। मौन क्यों, कैसे विषय पर जानकारी दी जाएगी। यज्ञ, मंत्र, जप, अनुष्ठान की साधना के साथ ध्यान प्रारंभ होगा। शाम 4:15 से पावन स्मरण श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि के साथ सभा संचालित होगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी गुरु भक्त परिवारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित का आह्वान किया है। जप करने के लिए सभी को अपने साथ माला लेकर आने कहा गया है। कार्यक्रम में आए गुरु भक्तों के गौतम प्रसाद की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से रखी गई है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज शर्मा बनाए गए विशेष लोक अभियोजक, एनडीपीएस के मामले देखेंगे



**दुर्ग।** आज छत्तीसगढ़ शासन के विधि एवं विधायी विभाग ने दुर्ग जिला न्यायालय के शासकीय अभिभाषक और शेष विशेष लोक अभियोजक के पदो पर नियुक्त अधिवक्ताओं के नामो की घोषणा कर दी जिसमें शासकीय अभिभाषक / लोक अभियोजक पद पर मेघेश्वर कुमार दिल्लीवार , विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा, रमेश कुमार साहू , प्रकाश शर्मा, पंकज बेलचंदन, संजय कुमार सिंह, द्रोण ताम्रकार, श्रीमती रूपवर्षा दिल्लीवार , श्रीमती लक्ष्मी साहू की नियुक्ति कर दी गयी।

● शनिवार को तिथि अनुसार प्रभु राम का जन्मोत्सव रंगोली और दीप जलाकर मनाया

# प्रभु की भक्ति के लिए विश्वास, संबंध और समर्पण जरुरी ध्रुव की भक्ति देख नारायण ने दिये दर्शन: आचार्य संदीप

**भिलाई।** भागवत में लिखा है कि ध्रुव ने नारायण के दर्शन नहीं किया, अपितु नारायण ने ध्रुव के दर्शन किए। क्योंकि भक्त ध्रुव के पास नारायण यानी अपने प्रभु के प्रति विश्वास, संबंध व समर्पण के भाव थे। इसलिए सनातन धर्म में जब विवाह होता है तो ध्रुव तारा दिखाया जाता है क्योंकि वह सत्य और अटल का प्रतीक माना जाता है। भक्ति के संबध में यह बातें आचार्य पं संदीप तिवारी ने कही। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन देवहूति व कपिल कथा का विस्तार, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, ऋषभदेव जड़ चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार व अजामिल कथा के प्रसंगों का विस्तार से व्याख्या आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया गया।भागवत कथा का आयोजन दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक संम्प्रति सेवा समिति भिलाई सेक्टर 2 रामभद्र सेवा मंडल में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिसमें मुख्य यजमान अमित सपना श्रीवास्तव और सुशांत नीलम सिंह सहित जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पार्षद स्मिता दौड़के, अरविंद सिंह द्वारा आरती की गई। कथा में प्रतिदिन पंडित जयप्रकाश शुक्ल, नंदकिशोर पांडे, शैलेश पाठक, अभिषेक तिवारी, सुशील शुक्ला दवरा भागवत कथा के पारायण कर रहे है। आचार्य संदीप तिवारी ने कथा के दौरान बताया कि भगवान विष्णु भक्त ध्रुव ने भगवान नारायण की ऐसी भक्ति की, जिसे देखकर स्वयं नारायण को भक्त ध्रुव के दर्शन करने आना पड़ा। उसी प्रकार अजामिल कि भी भक्ति से भगवान प्रसन्न हुये। भक्त प्रहलाद ने भी भगवान को अपने भक्ति से प्रसन्न किया।



### ध्रुव की भक्ति से हुए थे नारायण



कथा ध्रुव चरित्र कथा में बताया कि ध्रुव की दो सुनीति व सुरुचि थी। माता के कहने पर मात्र 6 साल के ध्रुव नारायण प्राप्ति करने जंगल तपस्या करने निकल पड़े। जहां नारद ने कहा कि तुम इतने छोटे से हो और तुम अपनी मां के बिना नहीं रह सकते जो तुम्हें खाना खिलाती है तो तुम्हें जंगल में क्या मिलेगा। तब सुनीति पुत्र ध्रुव ने कहा कि जब मेरे दांत नहीं थे तब भगवान ने मुझे मां का दूध दिया और जब दांत दिए तब भोजन की व्यवस्था की। तो में जब जंगल जाऊंगा तब मेरे गोविंद जरूर मेरा ध्यान रखेंगे। छोटे से बालक की नारायण के प्रति आस्था देखकर नारद प्रसन्न हुए।

### आत्मा को बंधन में रख सकते है मन को नहीं



आचार्य ने कथा की व्याख्या करते हुए बताया कि माता देवहूति ने पुत्र कपिल से पूछा कि बंधन मन का होता है या आत्मा का। तब कपिल ने कहा कि आत्मा का बंधन नही होता और मन का बंधन अवश्य होता है जिसका सरल तरीका है गोविंद का कीर्तन करों, कथा को सुने। मानव की पांच ज्ञानेन्द्रिया व पांच कर्मेन्द्रियां अपनी अपनी ओर खींचती है इसलिए आंखो से देखना हो तो फिल्मों के हीरों-हीरोईन नही ईश्वर के अनेक रुपों को देखो, कानों से अच्छे भजनों को सुनों और जीभ से अच्छे पदार्थो का सेवन करों। जीभ को यदि रसगुल्ला पसंद हो तो उसे प्रसाद के रुप में ग्रहण करों। प्रसाद यानी प्र से प्रभु, स से सरल या साक्षात व द से दर्शन, प्रसाद का अर्थ ही प्रभु के साक्षात रुप में दर्शन करना होता है।

## विद्यार्थियों को कराया भ्रमण

# धार्मिक स्थलों को देख रोमांचित हुए स्कूली बच्चे, जाना महत्व



**केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नन्हें विद्यार्थियों को कराया गया भ्रमण**

**भिलाई।** केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नन्हें स्टूडेंट्स ने दो दिनों में भिलाई के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च में जाकर वे पूजा अर्चना, प्रार्थना कर रहे हैं और माथा टेक रहे हैं। टीचर्स उन्हें बता रहे हैं कि इन धार्मिक स्थलों का क्या महत्व है। यहां किस तरह पूजा की जाती है। धार्मिक स्थलों के संचालक इन नन्हे स्टूडेंट्स को बड़े प्यार से संक्षिप्त में इन स्थलों का महत्व बता रहे हैं। नन्हे स्टूडेंट्स तब खुशी के मारे और चहकने लग रहे हैं जब उन्हें यहां प्रसाद मिल रहा है। केएच केसल और जामुल स्थित केएच वर्ल्ड स्कूल में पढ़ने वाले नर्सरी केजी-1 और केजी-2 के नन्हें स्टूडेंट्स ने सर्वप्रथम सेक्टर- 6 स्थित श्री सांई बाबा मंदिर का भ्रमण किया। टीचर्स के नेतृत्व में सभी स्टूडेंट्स बड़े ही अनुशासन में एक लाइन बनाकर भीतर पहुंचे। स्टूडेंट्स ने मंदिर में चल रही साई बाबा की आरती में भाग लिया। सभी ने हाथ जोड़ प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी ने सभी बच्चों को चंदन का टीका लगाया और प्रसाद वितरण किया। स्टूडेंट्स सेक्टर- 6 स्थित क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च पहुंचे, जहां उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया। यहां के पास्टर राजेन्द्र साहू ने उन्हें ईसाई धर्म के बारे में संक्षेप में जानकारी दी तथा प्रभु ईसा मसीह के संदेशों को बताया। तत्पश्चात स्टूडेंट्स सेक्टर- 6 स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन किया और गुरुद्वारा परिसर का भ्रमण किया। यहां ज्ञानी विक्रांत सिंह ने उन्हें गुरु ग्रंथ साहिब के बारे में बताया तथा किस तरह यहां पूजा अर्चना की जाती है वह संक्षिप्त में समझाया। बच्चे यहां तब और ज्यादा खुश हुए जब प्रसाद के रूप में उन्हें हलवा मिला। बड़े चाव से उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। प्रिंसिपल विभा झा ने कहा कि यह बच्चे अभी बहुत छोटे हैं लेकिन अभी से उनकी नींव मजबूत करना जरूरी है। इसलिए धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

## कोड़िया में सात दिवसीय शिविर

# महिला यदि अपने मन में कोई दृढ़ निश्चय कर लेती है, तो उसे पूरा जरूर करती हैं



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज की रासेयो इकाई ने कोड़यिा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान मराठा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन परिचय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और बीएसपी से सेवानिवृत्त मोहन देशपांडे ने अहिल्या बाई होलकर की जीवनी का वर्णन करते हुए बताया कि स्त्री यदि अपने मन में किसी लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प कर लेती है, तो परिस्थिति कितनी भी विकट हो वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से पहले रूकती नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने रासेयो स्वयंसेवकों को अहिल्या बाई होलकर के जीवन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने के लिये प्रेरित किया। डॉ. कामता साहू ने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने पर ज़ोर दिया। अंत में डॉ. अमृत लाल गुरुवेन्द्र ने युवाओं को नशे से दूर रहने एवं सुधार हेतु विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन एवं प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने रासेयो इकाई को अपनी शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का संचालन अनुष्का सिसोदिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रेया मैति ने दिया।

### ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

दुर्ग। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 12 जनवरी को विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित है। समाज के राष्ट्रीय महासचिव और कार्यक्रम संयोजक शशिकांत तिवारी ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, संरक्षक रामपाल शर्मा के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन सिविल लाइन गौरव पथ स्थित सतनाम आश्रम में सुबह 10 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में वर-वधु के लिए आवश्यक कुंडली मिलाने व अन्य जानकारी हेतु विद्वान पंडित उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ और समाज सेवा के लिए अच्छे कार्य करने वाले विप्र जनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय संगठन सचिव आशीष त्रिपाठी, सुमित शर्मा, अभिषेक पांडे, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, हेमंत तिवारी, राकेश शुक्ला, दीपक मिश्रा, जितेन्द्र तिवारी, मुकेश तिवारी, राकेश दुबे, बृजमोहन तिवारी, नंदकिशोर शर्मा, राकेश शर्मा, अरुण मिश्रा, किशोर तिवारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आर्य समाज सेक्टर-6 द्वारा 11 दिवसीय आयोजन, जगह-जगह हवन-पूजन

# सनातन संस्कृति जन जागरण अभियान में घर-घर जाकर वैदिक तरीके से अनुष्ठान और यज्ञ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर 6 के तत्वावधान में सनातन धर्म संस्कृति पुनर्जागरण अभियान चलाया जा रहा है। 11 जनवरी तक चलाए गए इस अभियान में आर्य समाज के आचार्य एवं सनातन संस्कृति के श्रद्धालु इस आयोजन में पहुंच रहे हैं। दुर्ग भिलाई के कोने-कोने पर पहुंचकर सनातन संस्कृति का अभियान चला रहे हैं।इस अभियान के आचार्य अंकित शास्त्री बताते हैं कि जब हमने उड़िया बस्ती रायपुर नाका में यज्ञ किया गया। पिछड़े समझे जानी वाली जाति के लोगों को यज्ञ के लिए आमंत्रित किया। उनका कहना था कि आज तक किसी आचार्य ने आकर कि उन्हें किसी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल नहीं किया। आर्य समाज के लोगों ने आकर के हमें प्रवचन सत्संग से जोड़ा हमारे हाथों में यज्ञ की चम्मच दी। हम स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। सनातन संस्कृति के प्रचारक और युवा विद्वान आश्चर्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार और उसे मजबूत करने की बात सब जगह चल रही है।



### चार वेद और उससे जुड़ी परंपराओं को बताया

चार वेद और उससे जुड़ी परंपरा को हमने जनमानस के सामने रखा गया। आचार्य ने का कि महर्षि दयानंद सरस्वती कहा करते थे कि मनुष्य जन्म से नहीं कम से महान होता है। मनुस्मृति आदि ग्रंथों में लिखा है कि हम सब जन्म से अपवित्र होते हैं और संस्कार ही हमें पवित्र और ब्राह्मण बनाते हैं। हम अपने सनातन धर्म जागरण अभियान के अंतर्गत परिवारों में जाकर के पारिवारिक मूल्य वेद उपनिषद आदि ग्रंथों के विचार देने का प्रयत्न करते हैं। आचार्य चाणक्य ने कहा है कि संतान को पांच साल की उम्र तक लालन अर्थात प्यार किया जा सकता है। परिवारों को बचाने की जरूरत है। हम सबको अपने धर्म संस्कृति और परंपरा के लिए समय निकालना चाहिए। मैं लोगों से कहता हूं कि रक्तदान और कन्यादान को महान दान समझा गया है किंतु राष्ट्र, धर्म, संस्कृति परंपरा के लिए वक्त दान करना भी महान दान है।

### 17 से पंचकुंडीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ

सेक्टर 2 के कार्यक्रम में प्रशांत क्षीरसागर यजमान बने। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। आगामी कार्यक्रम आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में आगामी दिनों में 17, 18, 19 तारीख को पंचकुंडीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैदिक विद्वान पहुंच रहे हैं। आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

### राम शत्रु का भी सम्मान करना सिखाते हैं: डॉ. अजय आर्य

आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में चल रहे 11 दिवसीय सनातन संस्कृति जागरण अभियान के तहत यज्ञ भजन सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को तलपुरी में वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। आचार्य अंकित शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक योग्यता आयोजन किया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पवित्र अग्नि में 251 आहुति दी गई। सत्य प्रकाश एवं श्रेया गुप्ता ने मुख्य यजमान बनाकर अग्निहोत्र किया। डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जब हम राम की पूजा करते हैं, तो हमें राम का अनुसरण भी करना चाहिए। जरा जरा सी बात पर जो लोग परेशान हो जाते हैं वह राम की कथा कैसे सुनेंगे। राम को राज्याभिषेक की घोषणा की गई थी राज्याभिषेक के ठीक 1 दिन पहले उन्हें न केवल राज्याभिषेक से वंचित किया गया। अपितु अयोध्या में रहने का अधिकार भी छीन लिया गया। और जंगलों में जाने का आदेश हो गया। ऐसी स्थिति में उनका कोई डिप्रेशन कोई तनाव नहीं हुआ। आदर्श हमें मजबूत बना देता है। कार्यक्रम में शांति पाठ प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय शालेय खेल में छत्तीसगढ़ की पायल को योगासन में रजत




**रायपुर।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक हैदराबाद तेलंगाना में किया गया। जिसमें योगासन अंडर-14 बालिका वर्ग के लिए स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में काउन्सिल फार दी इंडियन स्कूल सर्टिफ़िकेट ऍग्ज़ामिनेशन्ज़ (सीआईएससीई) द्वारा आयोजित की गई ।इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए, छत्तीसगढ़ की पायल निर्मलकर ने आर्टिस्टिक इवेंट में रजत पदक जीता।पायल यहां रायपुर के भनपुरी योगाश्रम में नियमित निःशुल्क योगासन का अभ्यास करती है और शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला, भनपुरी कक्षा 7 में अध्ययनरत है। साथ ही पायल ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय योग ओलंपियाड एवं 5वीं राष्ट्रीय योगासन खेल चैंपियनशिप में भी कर चुकी है। इस राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ योगासन टीम के दल प्रबंधक व कोच नूरेंद्र कुम्हार है।

### राष्ट्रीय साइकिल पोलो में छत्तीसगढ़ की शानदार शुरुआत



**रायपुर।** 39वीं सब जूनियर बालक 43वीं जूनियर बालक 45वीं सीनियर पुरुष तथा 18वीं पुरुष फेडरेशन कप राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2024 25 का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक रानाघाट ,पश्चिम बंगाल में किया जा रहा है। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के सचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि पहले दिन खेले गए लीग मैचों में छत्तीसगढ़ ने अच्छी शुरुआत की । फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ ने अपने प्रथम लीग मैच में मेजबान टीम पश्चिम बंगाल को 10 के मुकाबले 7 गोलों से परास्त कर अपनी विजय की शुरुआत की। इस मैच में शैलेंद्र, विकास, रोहन, माधव एवं शेखर ने 2-2 गोल किए।

अगले सब जूनियर वर्ग के प्रथम लीग मैच में छत्तीसगढ़ टीम का मुकाबला मेजबान टीम पश्चिम बंगाल से हुआ । छत्तीसगढ़ ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल को 7 के मुकाबले 1 से परास्त किया। इसके पश्चात फेडरेशन कप में इंडियन आर्मी ने छत्तीसगढ़ को 6-3 के स्कोर से पराजित किया। सब जूनियर वर्ग में केरल रेड के साथ हुए मैच में छत्तीसगढ़ 5-2 की स्कोर से परास्त हुई दूसरी तरफ फेडरेशन कप में भारतीय वायु सेना ने छत्तीसगढ़ को 14-3 से परास्त किया, इस मैच में विकास, रोहन एवं माधव तीनों ने 1-1 गोल किए।

### राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता में महेंद्र को मिला चौथा स्थान




**रायपुर।** 25वीं राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मैसूर, कर्नाटक में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ बधिर स्पोर्ट्स सोसाइटी की ओर से महेंद्र पाल व झनक देवांगन ने भी भाग लिया। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और महेंद्र पाल ने इस राष्ट्रीय बधिर शतरंज प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया एवं उन्हें दस हज़ार की राशि सहित ट्रॉफी भी प्रदान की गई। महेंद्र पाल के इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ बधिर स्पोर्ट्स सोसाइटी के अध्यक्ष अनुपम मिश्रा एवं महासचिव नीलेश सिंह सहित सभी सदस्यगण ने बधाई दी है।

### तीरंदाज़ गीतेश और पद्मा राष्ट्रीय खेल के लिए चयनित





**रायपुर।** 38 वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए अखिल भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा जारी सूची में छत्तीसगढ़ के दो तीरंदाज शामिल किए गए हैं। इनमे गीतेश यादव और पद्मा साहू का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका एवं छत्तीसगढ़ के तीरंदाजी संघ के समस्त पदाधिकारियों व कोच ने इन तीरंदाजों को बधाई दी है।

प्राकृतिक तरीकों का पालन करना सुरक्षित और प्रभावी उपाय


# हाई कोलेस्ट्रॉल आ रहा है तो घबराने के बजाए इन प्राकृतिक तरीकों से पाएं राहत

कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने या बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) हाई होने पर अक्सर दवाओं के इस्तेमाल की सलाह दी जाती है। लोग हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए दवा का सेवन करते हैं लेकिन ऐसी स्थिति में आपको तुरंत दवाओं की जरूरत नहीं है। स्थिति की गंभीरता के अनुसार आप प्राकृतिक तरीके से हाई कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल और एलडीएल (बैड कोलेस्ट्रॉल) को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक तरीकों का पालन करना एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय हो सकता है, खासकर जब स्थिति अत्यधिक गंभीर न हो। यहां बताया गया है कि आप कैसे जान सकते हैं कि कब दवा की जरूरत है और कब प्राकृतिक उपचार पर्याप्त होगा।


लिपिड प्रोफाइल की जांच करें। इसमें तीन स्थिति होती हैं, जिसके आधार पर तय किया जा सकता है कि रोगी की दवा की जरूरत है या प्राकृतिक उपचार राहत दिलाने में सहायक है।

पहला, ट्राइग्लिसराइड्स, दूसरा गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) और तीसरा ट्राइग्लिसराइड्स/एचडीएल का रेशियो। ट्राइग्लिसराइड्स 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर यानि एमजी/डीएल से कम होना चाहिए। एचडीएल (गुड कोलेस्ट्रॉल): 40 एमजी/डीएल से अधिक (पुरुषों के लिए) और 50 एमजी/डीएल से अधिक (महिलाओं के लिए) होना चाहिए। एलडीएल (बैड कोलेस्ट्रॉल): 100 एमजी/डीएल से कम रहना चाहिए।



### ट्राइग्लिसराइड्स का महत्व

यदि ट्राइग्लिसराइड्स/एचडीएल का रेशियो 1.5 से कम है, तो आपका हृदय स्वास्थ्य अच्छी है और दवा की आवश्यकता नहीं है। हालांकि रेशियो 1.5 से अधिक होने पर डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव की जरूरत होती है।



### डाइट में बदलाव

ऐसी स्थिति में ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन बढ़ाएं। इसके लिए अखरोट, अलसी के बीज (फ्लैक्स सीड्स), चिया सीड्स, मछली (सैल्मन, मैकेरल) खाएं। हेल्दी फैट्स की पूर्ति के लिए नारियल का तेल, देसी घी और एवोकाडो का सेवन करें। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ में ओट्स, जई, ब्राउन राइस, फल और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया जा सकता है।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी फूड्स:

अदरक, लहसुन, हल्दी और काली मिर्च का नियमित सेवन करें। ग्रीन टी और लेमन टी भी सूजन कम करने में मदद कर सकते हैं। प्रोसेस्ड फूड और ट्रांस फैट से बचें।

### शारीरिक गतिविधि:

30 मिनट का रोजाना व्यायाम करें– वॉकिंग, योग या साइक्लिंग। हफ्ते में 4-5 दिन एक्टिव रहना आवश्यक है। साथ ही अतिरिक्त वजन को घटाएं क्योंकि मोटापा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का एक बड़ा कारण है।

### तनाव प्रबंधन

तनाव मुक्त रहें। इसके लिए योगाभ्यास को जीवनशैली में शामिल करें। ध्यान और प्राणायाम भी असरदार हो सकता है।



### कब दवा की जरूरत होती है?

एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्राल 190 एमजी/डीएल से अधिक होने पर। हृदय रोग का इतिहास होने पर या परिवार में किसी को कोरोनरी आर्टरी डिजीज होने पर। डायबिटीज या ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर। अगर प्राकृतिक उपचार के 3-6 महीने बाद भी कोलेस्ट्रॉल में सुधार नहीं होता, तो डॉक्टर से परामर्श करें।



## डायबिटीज और थायराइड के मरीज राहत के लिए रोज करें ये योगासन

डायबिटीज और थायराइड के मरीजों के लिए योग बहुत फायदेमंद हो सकता है। योग ऐसी बीमारियों से दूर रखने के साथ ही डायबिटीज या थायराइड में होने वाली शारीरिक समस्याओं को भी कम कर सकता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल इन बीमारियों के लक्षणों को कम किया जा सकता है, बल्कि शरीर के प्राकृतिक संतुलन को बहाल करने में मदद करता है। योगासन शरीर में हार्मोनल संतुलन बनाए रखते हैं, मेटाबॉलिज्म को सुधारते हैं और रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

अगर आप या आपके परिवार में कोई सदस्य थायराइड या डायबिटीज का मरीज है तो साल 2025 में इस रोग से राहत पाने का दृढ़ संकल्प कर लें। इसके लिए असरदार योग के नियमित अभ्यास की आदत बनाएं। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं जो थायराइड और डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। साल 2025 की इन योगासनों का अभ्यास शुरू कर दें।

### शवासन योग

थायराइड और डायबिटीज दोनों ही समस्या में शवासन का अभ्यास असरदार है। शवासन से शरीर को आराम मिलता है। तनाव दूर होता है और ऊर्जा बढ़ती है। ये आसन रक्तचाप, अनिद्रा और एंग्जायटी से भी राहत दिलाता है। इस आसन से हाई बीपी, नींद न आना, जल्दबाजी, चिड़चिड़ापन, बेचैनी जैसी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है।

शवासन के अभ्यास के लिए पीठ के बल लेटकर आंखें बंद कर लें। पैरों को फैलाएं और घुटनों व पंजों को आराम दें। हाथों को शरीर के साथ रखते हुए ध्यान धीरे-धीरे शरीर के हर अंग पर ले जाएं। धीमी और गहरी सांस लें।



### हलासन

हलासन को हल मुद्रा भी कहते हैं। ये एक उल्टा आसन है, जिसे आधुनिक योग में व्यायाम के रूप में किया जाता है। हलासन से वजन कम करने में मदद मिलती है। पाचन में फायदेमंद है। मधुमेह के प्रबंधन में मदद करता है और थायराइड के मरीजों के लिए भी असरदार है। ये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और त्वचा व बालों के लिए फायदेमंद होता है।

इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर दोनों हाथों को शरीर के पास रखें। हथेलियों को जमीन पर रखते हुए सांस भीतर की तरफ खींचें और पैरों को धीरे से ऊपर उठाएं। अब पीठ को भी ऊपर उठाते हुए सांस को बाहर छोड़ें। पैरों के पंजों को जमीन से छूने की कोशिश करें और 30 सेकंड इसी स्थिति में बने रहें। बाद में धीरे से पहली वाली अवस्था में लौट आएं।

### धनुरासन

धनुरासन योग करने से शरीर धनुष के आकार में हो जाता है। कमर का लचीलापन बढ़ता है और कमर व रीढ़ मजबूत होती है। पाचन में सुधार के साथ ही ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। तनाव व थकान दूर होती है, साथ ही गुर्दे के कामकाज में सुधार आता है।



## पोंगल पर तैयार करें चावल से बना खास व्यंजन, खाकर आ जाएगा मजा



पोंगल एक प्रमुख दक्षिण भारतीय त्योहार है, जिसे खासकर तमिलनाडु और दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों में धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से कृषि और फसल कटाई के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

चार दिन चलने वाले इस त्योहार की शुरुआत मकर संक्रांति के दिन होती है। ऐसे में इस साल इसकी शुरुआत 14 जनवरी से होगी और समापन 17 जनवरी को होगा। इस दिन सूर्य देवता की पूजा की जाती है, क्योंकि सूर्य से ही फसलों को वृद्धि मिलती है।

पोंगल में घरों में विशेष पोंगल पकवान बनाए जाते हैं। ऐसे में हम आपको चावल से बनने वाले एक ऐसे पकवान के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जिसे आप इस त्योहार पर बना सकते हैं। हम बात कर रहे हैं इमली वाले चावल की, जो खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं।

इमली वाले चावल बनाने के लिए सबसे पहले चावल को पका लें और ठंडा होने दें। चावल पकाते समय ध्यान रखें कि चावल के दाने खिले हुए होने चाहिए। इसके बाद आपको इमली का पेस्ट तैयार करना है।

पेस्ट बनाने के बाद एक पैन में 2 बड़े चम्मच तेल गर्म करें। इस पैन में सरसों के दाने डालें और चटकने दें। अब इसमें करी पत्ते, सूखी लाल मिर्च, मूंगफली, चना दाल, और उड़द दाल डालें।

धीमी आंच पर तब तक भूनें, जब तक मूंगफली और दाल सुनहरी न हो जाए। अब इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, और हींग डालें। तुरंत इमली का पेस्ट डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अगर स्वाद बैलेंस करना हो तो गुड़ और थोड़ा पानी डालें। मसाला गाढ़ा और तेल छोड़ने तक पकाएं। अब ये मसाला पूरी तरह से तैयार है।

इस तैयार मसाले को ठंडे चावलों में डालें। चावलों और मसाले को अच्छे से मिलाएं, ताकि हर चावल के दाने पर मसाला चिपक जाए। आखिर में इसमें जरूरत के अनुसार नमक डालें।

## लोहड़ी की अग्नि में जरूर डालें ये चीजें सुख-समृद्धि के साथ हो सकता है भाग्योदय

मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है। लोहड़ी में 'ल' का अर्थ है लकड़ी, ओह का अर्थ उपले, और ड़ी का मतलब रेवड़ी। इन तीनों को मिलाकर बना है लोहड़ी। लोहड़ी पर्व के पीछे कई सारी पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना और नई फसल का स्वागत करना है। लोहड़ी के दिन लोहड़ी की अग्नि में कुछ चीजें डाली जाती हैं जिसे को अग्नि देव को अर्पित करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या हैं वो वस्तुएं।

**मूंगफली :** लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली अर्पित की जाती है। मूंगफली अन्न का प्रतीक है और इसलिए इसे डालकर किसान अपनी फसलों की सुरक्षा की प्रार्थना करते हैं और आने वाले समय में अच्छी फसल की कामना करते हैं। मूंगफली को समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। लोहड़ी की आग में मूंगफली डालकर लोग अपने घर में सौभाग्य और समृद्धि लाने की कामना करते हैं। किंवदंतियों के अनुसार, मूंगफली को देवी लक्ष्मी का पसंदीदा अन्न माना जाता है। इसलिए लोग लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली डालकर देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करते हैं।



**रेवड़ी :** हिंदू धर्म में अग्निदेव का बहुत महत्व है। लोग अग्निदेव को प्रसन्न करते हैं और लोहड़ी की अग्नि में ररेवड़ीर डालकर सौभाग्य और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि लोहड़ी की अग्नि में रेवड़ियां डालने से बुरी शक्तियों का नाश होता है और घर में सुख-शांति आती है। कई लोगों का मानना है कि अगर रेवड़ी को लोहड़ी की अग्नि में अर्पित करने से बच्चों को नजर नहीं लगती।


**काले तिल :** ज्योतिष शास्त्र में काले तिल का बहुत महत्व है। ज्योतिष शास्त्र में काले तिल का प्रयोग नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए किया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि लोहड़ी के दिन बुरी नजर से छुटकारा पाने और अच्छे स्वास्थ्य और सुखी पारिवारिक जीवन की कामना के लिए लोहड़ी की आग में काले तिल डाले जाते हैं।

कार्नर न्यूज

अपने पार्टनर को बेहतर ढंग से समझने का मौका होती है मुलाकात

# शादी के लिए लाइफ पार्टनर से मिलने जाना है तो इन कुछ बातों का रखें ध्यान, आगे की राह होगी आसान

पहली मुलाकात सिर्फ एक अवसर है अपने होने वाले पार्टनर को और अच्छे से समझने का। इसलिए इस दौरान बिना किसी दबाव के खुलकर बात करें। विश्वास, समझ, और पारस्परिक सम्मान पर आधारित रिश्ते की नींव मजबूत होती है। शादी का दिन लड़की के साथ-साथ लड़के के लिए भी काफी खास होता है। इस दिन के बाद से दोनों की जिंदगी एकदम से बदल जाती है। जिन कपल्स की लव मैरिज होती है, वो तो पहले से एक-दूसरे को अच्छे से जानते हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होती, दिक्कत आती है उन लोगों के सामने, जिनकी अरैंज मेरिज होनी है। दरअसल, भारत में आज भी परिवार के सदस्य अपने बच्चों के लिए पार्टनर का चयन करते हैं। परिवार की सहमति मिलने के बाद होने वाले दूल्हा और दुल्हन को शादी से पहले एक-दूसरे को जानने का अवसर दिया जाता है। इसके लिए सगाई पक्की करने से पहले उन्हें मिलवाया जाता है। इस दौरान वो एक-दूसरे को जानने की कोशिश करते हैं। यदि आप भी जल्द ही अपने होने वाले पार्टनर से पहली बार मिलने जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। कहीं ऐसा न हो कि छोटी सी लापरवाही से शुरुआत में ही आपके रिश्ते में खटास आ जाए।




### दिखावा न करें

पहली बार होने वाले पार्टनर से मिलने के दौरान शुरुआत में थोड़ा नर्वस महसूस करना सामान्य है, लेकिन कोशिश करें कि आप स्वाभाविक और अपने असली रूप में रहें। किसी तरह का दिखावा न करें और ईमानदारी से खुद को सामने रखें। अगर माहौल हल्का-फुल्का है, तो हंसी-मजाक करें, लेकिन ध्यान रखें कि यह सीमाओं में रहे। इससे दोनों को एक-दूसरे के साथ सहज महसूस करने में मदद मिलेगी।

### सही हो बॉडी लैंग्वेज

पहला इम्प्रेशन बहुत मायने रखता है। साधारण और साफ-सुथरे कपड़े पहनें। अपने व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखें। मुलायम और सजीव भाषा में बातचीत करें। मुस्कराना और अच्छा बॉडी लैंग्वेज भी एक अच्छा इम्प्रेशन बना सकता है, लेकिन ध्यान रखें कि ज्यादा ओवर कॉन्फिडेंट भी न रहें।

### किसी दबाव में न आएं



शादी से पहले आपको पार्टनर से मिलने का मौका मिल रहा है, तो कोशिश करें कि आप सहज और आरामदायक महसूस करें। इसके साथ ही सामने वाले की सजहता पर भी ध्यान दें। उनसे जरूर इस बारे में पूछें कि कहीं वो किसी दबाव में तो शादी के लिए हां नहीं कर रहे। शादी के बारे में जल्दी कोई बड़ा फैसला लेने की जल्दी न करें, और बिना दबाव के एक-दूसरे को जानने की कोशिश करें।

### पार्टनर की बातों को सुनें

बातचीत का वक्त दोनों के विचारों, भावनाओं, और नजरियों को समझने का होता है। इसलिए पार्टनर की बातों को ध्यान से सुनें और समझने की कोशिश करें। यह रिश्ते की नींव मजबूत बनाने में मदद करता है।

### सवाल पूछने का तरीका हो सही

मुलाकात के दौरान सवाल पूछते समय विनम्र और सावधान रहें। ऐसा सवाल न पूछें जो पार्टनर को असहज महसूस कराए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डिज्नी ने बढ़ाया मदद का हाथ, आग से नुकसान से उबरने के लिए किया दान



लॉस एंजिल्स काउंटी के जंगल में लगी आग में अब तक काफी ज्यादा नुकसान हो चुका है। इस भारी क्षति को देखते हुए वाल्ट डिज्नी कंपनी ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। शुक्रवार को कंपनी ने घोषणा करते हुए कहा कहा कि वह प्रारंभिक और तात्कालिक राहत एवं पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए एक करोड़ 50 लाख डॉलर (लगभग 120 करोड़ रुपये) दान करेगी। इस आग में अब तक हजारों घर और इमारतें जल चुकी हैं और कम से कम 10 लोग मारे गए हैं। आग की लपटों ने पैसिफिक पैलिसेड्स, मालिबू, पासाडेना और हॉलीवुड हिल्स में हजारों एकड़ जमीन जल डाली है। डिज्नी अपने एलान में कहा कि उसका दान अमेरिकी रेड क्रॉस, लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट फाउंडेशन और लॉस एंजिल्स रीजनल फूड बैंक जैसी संस्थाओं को जाएगा। वाल्ट डिज्नी कंपनी के सीईओ बॉब इगर ने कहा, ₹इस त्रासदी में वाल्ट डिज्नी कंपनी हमारे समुदाय और हमारे कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि हम सब मिलकर इस इस नुकसान से उबर सकें और पुनर्निर्माण कर सकें।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹वाल्ट डिज्नी ने लॉस एंजिल्स में अपनी कल्पना के साथ कदम रखा था। यहीं उसने अपने सपनों को आगे बढ़ाया और अद्भुत कहानियां बनाई जो दुनियाभर के लाखों लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम इस मजबूत और जीवंत समुदाय को इस कठिन समय में सहायता देने पर गर्व महसूस कर रहे हैं।₹ डिज्नी ने एलएएफडी जैसे प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं और केएबीसी के चौबीसों घंटे काम करने वाले पत्रकारों के इस सप्ताह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक करोड़ 50 लाख डॉलर के दान के अतिरिक्त कंपनी अपने अपने कर्मचारी राहत कोष में और अधिक संसाधन देने का इरादा रखती है ।

### टॉलीवुड

## रद्द हुआ बालकृष्ण के 'डाकू महाराज' का प्री-रिलीज इवेंट, वजह बनी ये घटना



तिरुपति में वेंकटेश्वर मंदिर में हुई भगदड़ के बाद साउथ स्टार नंदमुरी बालकृष्ण अपनी आगामी फिल्म 'डाकू महाराज' के प्री-रिलीज इवेंट को मेकर्स ने रद्द कर दिया है। इस भगदड़ में छह लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। ट्वीट में मेकर्स ने लिखा, 'डाकू महाराज प्री-रिलीज इवेंट अपेडट। तिरुपति में हाल ही में हुई घटनाओं से हमारी टीम बहुत आहत है। भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में ऐसी घटना देखना दिल दहला देने वाला है। यह लाखों लोगों के लिए भक्ति, आशा और हमारे परिवारों की परंपराओं का एक हिस्सा है'। ट्वीट में लिखा है, 'परिस्थितियों को देखते हुए हमें लगता है कि डाकू महाराज प्री रिलीज इवेंट को प्लान के अनुसार नहीं किया जा सकता इसलिए लोगों की भक्ति और भावनाओं का सम्मान करते हुए हमने आज के कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया है। हम इस कठिन समय में आपसे समझ और समर्थन की आशा करते हैं'। 'डाकू महाराज' मकर संक्रांति के मौके पर 12 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में बालकृष्ण जबरदस्त भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही बॉबी सिम्हा, उर्वशी रौतेला, श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल और चांदनी चौधरी जैसे कलाकारों की टुकड़ी भी है। इस फिल्म के लिए प्री रिलीज इवेंट अनंतपुर के श्रीनगर कॉलोनी, आंध्र प्रदेश में होना था, इसे भगदड़ के कारण रद्द कर दिया गया है।

### भोजपुरी

## आंखों में नमी, चेहरे पर उदासी आम्रपाली ने हाथ जोड़ मांगी माफी




भोजपुरी सिनेमा की हर-दिल-अजीज एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे इन दिनों अपनी फिल्म 'सास कमाल बहू धमाल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को खूब पसंद किया गया। अब इसका एक गाना 'रचनाकार हो' भी सुर्खीयां बटोर रहा है। यह एक दर्द भरा गीत है, जिसे देखकर आम्रपाली दुबे के फैंस का गला भी रूंध रहा है। इस गाने को यूट्यूब पर 'फिल्मची भोजपुरी' चैनल ने बीते साल 26 दिसंबर 2024 को रिलीज किया था। खबर लिखे जाने तक 14 दिनों में इसे 13.38 लाख बार देखा जा चुका है। यही नहीं, इसे 3.5 हजार से अधिक लाइक्स भी मिले हैं। मेकर्स ने गाने को रिलीज करते हुए लिखा है, 'दिल के छू लेबे वाला गीत जवन इमोशन से भर दिही! आम्रपाली दुबे के 'सास कमाल बहू धमाल' भोजपुरी फिल्म के ई भोजपुरी वीडियो सांग दर्द से भरल पल में डूबा देत बा... भगवान के करीब, प्यार भरल संघर्ष अउर दिल के गहराई से लगाव के अहसास करा रहल बा!' इस खूबसूरत गीत को सिंगर काजल राज ने अपनी दर्द भरी आवाज से सजाया है। जबकि इसका संगीत साजन मिश्रा ने दिया है। गीतकार प्यारे लाल यादव हैं। गीत की शुरुआत आम्रपाली दुबे से होती है, जो आंखों में नमी, चेहरे पर उदासी लिए हाथ जोड़कर गांव वालों से माफी मांग रही हैं। आगे उनका जी मिचलाता है, जिससे समझ आता है कि वह गर्भवती हैं। 'सास कमाल बहू धमाल' फिल्म की कास्ट से मनी भट्टाचार्य, दीपिका सिंह और ज्योति मिश्रा भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रही हैं। आप भी देखिए यह भोजपुरी सैड सॉन्ग और बताइए कि आपको यह गीत कैसा लगा।




पेरिस फैशन वीक स्प्रिंग में सेबेस्टियन मेयर और कोपरनी के अरनॉड वैलेंट कुछ "जादुई" लेकर आए थे। पिछले सप्ताह सिटी ऑफ़ द लाइट के भीतर कुल 66 फिजिकल रनवे शो और 40 प्रस्तुतियाँ हुई हैं, जिससे पेरिस फैशन वीक स्प्रिंग का सीज़न यादगार बन गया है। दर्शकों के दिल-दिमाग पर यह शो एक अमिट छाप छोड़ गया।

## रात में सोते समय इन बातों पर ध्यान नहीं दिया तो खो जाएगी त्वचा की रंगत



यदि आजकल की बिगड़ी लाइफस्टाइल में त्वचा का सही से ध्यान न रखा जाए तो चेहरा अपने आप डल होने लगता है। इसके लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कई बार ये प्रोडक्ट सही से काम नहीं करते। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार हमारी लापरवाही की वजह से चेहरा डल हो जाता है। इसके पीछे की एक सबसे बड़ी वजह होती है कि बहुत बार जल्दबाजी के चक्कर में हम ऐसे ही सोने चले जाते हैं। ऐसे में त्वचा का डैमेज होना बेहद ही आम बात है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिन बातों का ध्यान रख के आप अपनी त्वचा का खास ध्यान रख सकते है। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी त्वचा खिली-खिली रहेगी, वरना चेहरे की रंगत उड़ सकती है।

### मेकअप हटाए बिना सोना

यदि आप रात के समय मेकअप को साफ किए बिना सोते हैं तो त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे पिंपल्स और त्वचा की चमक कम हो सकती है। ऐसे में हमेशा मेकअप रिमूवर या माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें और चेहरे को अच्छे से साफ करें।

### मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करना

त्वचा रात में खुद को रिपेयर करती है, लेकिन मॉइश्चराइजर न लगाने से यह प्रक्रिया धीमी हो सकती है। ऐसे में सोने से पहले अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार नाइट क्रीम या हाइड्रेटिंग मॉइश्चराइजर लगाएं, ताकि आपकी त्वचा सुबह खिली-खिली रहे।

### गंदे तकिए का इस्तेमाल

गंदे तकिए पर सोने से बैक्टीरिया और धूल आपकी त्वचा पर असर डाल सकते हैं, जिससे एक्ने हो सकता है। ऐसे में तकिए का कवर हर 2-3 दिन में बदलें और उसे साफ रखें।

त्वचा की नियमित सफाई न करना

सोने से पहले दिनभर की धूल और गंदगी को साफ करना बेहद

## स्टाइल कर सकती हैं ये टिश्यू सिल्क साड़ी, देखें कुछ अलग डिजाइन






शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में हर कोई अपने लिए अलग डिजाइन वाले कपड़ों को सर्च करता है, ताकि उसे स्टाइल कर सके। इसमें से कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं, जो सबसे ज्यादा सिल्क साड़ी को पहनना पसंद करती हैं। लेकिन इस बार बनारसी सिल्क या कॉटन सिल्क की साड़ियों को स्टाइल न करें। इसके लिए आप ट्राई करें टिश्यू सिल्क साड़ी। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इससे लुक भी सबसे अलग नजर आता है।

### प्रिंट डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

आप शादी लुक के लिए प्रिंट वाली टिश्यू सिल्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद अच्छी नजर आएगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव लगेगा। साड़ी में आपको बॉर्डर और प्रिंट दोनों तरह का डिजाइन मिल जाएगा। इससे साड़ी और भी अच्छी नजर आएगी। साथ ही, पहनने के बाद अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको आसानी से मिल भी जाएगी। जिसे वियर करके आप अच्छी लगेंगी।

### प्लेन डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

आप सुंदर नजर आने के लिए प्लेन डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी भी पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसे वियर करने के बाद लुक अट्रैक्टिव नजर आता है। इसके साथ आप चाहें तो स्टोन डिजाइन वाली ज्वेलरी और हैवी मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी मार्केट में भी आसानी से मिल जाती है, जिससे लुक अच्छा लगेगा।

### बॉर्डर वर्क वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

सुंदर नजर आने के लिए आप बॉर्डर वर्क वाली टिश्यू सिल्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में आपका लुक अच्छा नजर आता है। साथ ही, आपको इसके साथ ज्यादा एक्सेसरीज स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ती है। सिंपल लुक के साथ भी आप अच्छी लगती हैं। इस तरह की साड़ी को आप अपनी शादी में वियर कर सकती हैं। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपको ज्यादा ऑप्शन सर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको आसानी से मिल जाएगी। साथ ही, वहीं से आप ज्वेलरी भी मैचिंग की खरीद सकती हैं।

## सर्दियों में साड़ी के साथ स्टाइलिश तरीके से कैरी करें अपनी शॉल



साड़ी से बेहद आकर्षक लुक मिल सकता है। अधिकतर मौकों पर साड़ी प्रभावी लग सकती है। ऐसे में ज्यादातर महिलाओं की पहली पसंद साड़ी हो सकती हैं। सर्दियों में भी साड़ी में गजब का आकर्षण दिखा सकते हैं लेकिन ठंड से बचने के लिए महिलाएं साड़ी के साथ शॉल कैरी करती हैं। हालांकि शॉल ओढ़ने का सामान्य तरीका आप के साड़ी लुक को साधारण बना सकता है। सर्दियों में किसी समारोह में शामिल हो रही हैं तो साड़ी के साथ शॉल को स्टाइलिश तरीके से कैरी करना जरूरी है। यहां कुछ टिप्स दिए गए हैं जो आपको साड़ी के साथ शॉल को खूबसूरत अंदाज में पहनने में मदद करेंगे।

**ओपन फ्रंट ड्रेप** अगर आप सिल्क की साड़ी पहन रही हैं तो शॉल को कंधे पर ओपन करके डालें और सामने से खुला छोड़ दें। ध्यान रखें कि इस तरह की साड़ी के साथ ऐसी शॉल को स्टाइल करें जिसका रंग साड़ी के बॉर्डर से मैच करता हो।

**शॉल को बेल्ट के साथ लपेटें:** किसी पार्टी या फॉर्मल इवेंट के मौके पर शॉल को बेल्ट के साथ पहनें। इसके लिए शॉल को एक कंधे पर डालें और कमर पर बेल्ट लगाएं। थोड़ी वर्क वाली य स्टेटमेंट पीस वाली बेल्ट का चयन करें। ये आपके साड़ी लुक को एथनिक और मॉडर्न टच दे सकती है।

**शॉल को साड़ी के पल्लू की तरह पहनें**

शॉल को पल्लू की तरह कंधे पर रखें और सामने से हाथ में पकड़ें। स्टाइलिश लुक पाने के लिए कॉन्ट्रास्ट रंग की शॉल को चुनें जो लुक को और निखारेगी। इस स्टाइल के लिए आप हल्की या सिंपल साड़ी के साथ भारी शॉल को कैरी कर सकती हैं।

## लुक में करना है ग्रेस ऐड तो स्टाइल करें सिल्वर ज्वेलरी, देखें डिजाइंस



जब भी हम किसी आउटफिट को स्टाइल करते हैं, तो इसके साथ ज्वेलरी वियर जरूर करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक में एक ग्रेस ऐड होता है। साथ ही, लुक भी अच्छा लगता है। लेकिन हर बार एक जैसी ज्वेलरी स्टाइल करके हमें भी लुक बोरिंग लगने लगता है। ऐसे में आप इस बार अलग लुक के लिए सिल्वर डिजाइन वाली ज्वेलरी को स्टाइल करें। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की ज्वेलरी आप वियर कर सकती हैं।

### सिल्वर स्टोन वाला नेकलेस सेट

आप कुछ अट्रैक्टिव लुक के लिए सिल्वर स्टोन वाले नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सेट पहनने के बाद अच्छे नजर आएंगे। साथ ही, इसे पहनने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें आपको सिल्वर स्टोन के साथ-साथ कलरफुल स्टोन का भी डिजाइन मिलेगा। इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स और चाहें तो मांग टीका भी ले सकती हैं। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। इस तरह के सेट आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आप अच्छी लगेंगी।

### सिल्वर डिजाइन वाले इयररिंग्स

आप कानों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इसमें नीचे की तरफ वाली लटकन स्टाइल करने के बाद इयररिंग्स को और फैंसी दिखाएंगी।

### कार्नर न्यूज

### नौजवानों ने सर्दियों के फैशन को दिया है एक नया आयाम

## नौजवानों का स्टाइल है निराला, सर्दियों में आकर्षक दिखने के लिए अपनाइए जेन-जी के तौर तरीके

*आपका लुक काफी हद तक आपका प्रभाव तय करता है। यही कारण है कि नौजवानों की पीढ़ी यानि जेन-जी अपने लुक, फैशन और स्टाइल पर बहुत ध्यान देती है। जैसा कि मालूम ही है 1997 से 2012 के बीच जन्मे युवाओं की पीढ़ी को जेन-जी कहा जाता है। वह सर्दियों में भी ऐसे परिधान पहनती है, जिनसे उसके लुक में निखार आए। फैशन के साथ ही आज की पीढ़ी सहजता पर भी पूरा ध्यान देती है। एक समय था, जब महिलाएं सर्दियों में सजना-संवरना कम कर देती थीं, लेकिन जेन-जी ने सर्दियों के फैशन को नया आयाम दिया है। वह ठंड के मौसम में भी स्टाइल का पूरा ध्यान रखती है। आप भी ठंड के इस मौसम में अपने शानदार ड्रेसिंग सेंस से सभी को प्रभावित कर सकती हैं। बस आपको जेन-जी के कुछ स्टाइल्स और ट्रेंड्स को फॉलो करना होगा।*



### लॉन्ग फर जैकेट और वूलन सूट

मिलान फैशन वीक से लेकर पेरिस फैशन वीक तक इस बार फर जैकेट की धूम रही है। इस जैकेट की खासियत यह है कि यह देखने में स्टाइलिश लगती है और पहनने में आरामदायक है। यह ठंडी हवाओं से भी आपकी सुरक्षा करती है। यह ट्राउजर-शर्ट, लॉन्ग स्कर्ट-टॉप और बॉडीकॉन ड्रेस के साथ बहुत अच्छा लगता है। वहीं 2024-25 के जाड़े के मौसम में जेन-जी की पहली पसंद बन गए हैं स्टाइलिश सूट्स। इन सूट्स को आप अपनी पसंद के अनुसार डिजाइन करा सकती हैं। अगर आप कोई प्रोफेशनल हैं, स्टूडेंट हैं या स्कॉलर हैं तो इस तरह के विंटर वुलन सूट्स आपके कलेक्शन का हिस्सा जरूर होने चाहिए। यह आपको पावरफुल और बॉसी लुक देते हैं।

### स्टॉकिंग विद हाई बूट्स

सर्दियों के मौसम में अगर आप हॉट दिखने की ख्वाहिश रखती हैं तो जेन-जी की तरह शॉर्ट स्कर्ट विद स्टॉकिंग जरूर ट्राई करें। इसके साथ स्वेटर या जैकेट पेयर करें। आपका यह सिंपल लुक सभी को प्रभावित करने का दम रखता है। यह लुक किसी भी पार्टी, सफर या आउटिंग के लिए परफेक्ट हो सकता है। हाई बूट्स पहनने का अपना ही मजा है। यह वो स्टाइल स्टेटमेंट है, जिसे अपनाकर आप भीड़ में भी सबसे अलग नजर आ सकती हैं।



हाई बूट्स के साथ शॉर्ट स्कर्ट बहुत अच्छी लगती हैं। ऐसे में आप भी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की तरह क्रॉप टॉप विद शॉर्ट स्कर्ट ट्राई करें। इसके साथ शॉर्ट फर जैकेट और हाई बूट्स से खुद को स्टाइल करें। किसी भी पार्टी और फंक्शन में यह लुक गॉर्जियस लगेगा।